■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक-29)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 21 अगस्त, 2023



▶ लोगों को बांटे गए गलत तरीके से बने झंडे ▶ गाड़ियों पर जाति सूचक शब्द लिखने वालों पर नकेल ▶ इमरान खान की बेइज्जती पर भड़के वसीम अकरम

## न्यूज संक्षिप्त

### सूर्य के अध्ययन से मिलेगी अन्य आकाशगंगाओं के बारे में जानकारी

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) गतिशील सूर्य का अध्ययन करने के लिए अपने पहले सौर खोज मिशन 'आदित्य एल1 उपग्रह' के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है और आने वाले दिनों में इस मिशन के लिए पोलर सटैलाइट लांच व्हिकल (पीएसएलवी) को काम में लिया जायेगा। इसरो ने कहा कि सूर्य सबसे निकटतम तारा है और इसलिए अन्य तारों की तुलना में इसका अधिक विस्तार से अध्ययन किया जा सकता है। सूर्य का अध्ययन करके हम अपनी आकाशगंगा के तारों के साथ-साथ विभिन्न अन्य आकाशगंगाओं के तारों के बारे में भी बहुत कुछ जान सकते हैं।इसरो ने कहा, सूर्य एक बहुत ही गतिशील तारा है।

### भारत समाधानों के लिए आदर्श प्रयोगशाला

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत समाधानों के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है और जो उपाय यहां सफल साबित होते हैं उन्हें कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। बेंगलुरु में जी-20 डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रिस्तरीय बैठक को ऑनलाइन संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुरक्षित और समावेशी समाधान पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत एक विविधतापूर्ण देश है। हमारी दर्जनों भाषाएं और सैकड़ों बोलियां हैं। यहां दुनिया के सभी धर्मों के लोग रहते हैं और असंज्य सांस्कृतिक प्रथाओं का पालन होता है। भारत में प्राचीन परंपराओं से लेकर आधुनिक प्रौद्योगिकी तक, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है।' उन्होंने कहा कि इतनी विविधताएं होने के कारण भारत समाधान तलाशने के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है।प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है। कोई पीछे न छूटे, यह सुनिश्चित करने के लिए देश ने ऑनलाइन एकीकृत डिजिटल बुनियादी ढांचा 'इंडिया स्टैज़्स' बनाया है।

### 23 अगस्त से अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी अमरनाथ यात्रा

जज्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय क्षेत्र में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा श्रद्धालुओं की कम संज़्या और रास्ते की मरज़्मत के कार्यों को देखते हुए 23 अगस्त से अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी। भगवान शिव के पवित्र दंड 'छड़ी मुबारक' को पारंपरिक पहलगाम मार्ग से ले जाया जाएगा और इसके साथ ही 31 अगस्त को यह तीर्थयात्रा संपन्न हो जाएगी। गत एक जुलाई को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा में अब तक 4.4 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग के जरिए बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं।'तीर्थयात्रियों की संज़्या में भारी गिरावट आने और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा संवेदनशील मार्गों पर किए जा रहे मरज़्मत एवं देखरेख के काम को देखते हुए श्रद्धालुओं को पवित्र गुफा तक जाने वाले दोनों मार्गों पर आवाजाही न करने की सलाह दी गई है।'

# मणिपुर: एम्बुलेंस में सात वर्षीय बच्चे, उसकी मां और चाची को जिंदा जलाने के मामले की जांच सीबीआई के हवाले



इंफाल। मणिपुर में एक कुकी-मेइती दंपति के सात वर्षीय बच्चे को उसकी मां और चाची के साथ जिंदा जला दिए जाने की घटना समेत 20 मामले जांच के लिए पुलिस ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई ने तीन मई से राज्य में हुई जातीय झड़पों की जांच शुरू कर दी है। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पतर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए जाने के बाद कुकी और मेइती लोगों के बीच झड़पें शुरू हुई।

हिंसा में अब तक 160 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। चार जून को पश्चिम इंफाल जिले के इरोइसेम्बा में भीड़ ने पुलिस की निगरानी में रही एक एम्बुलेंस पर हमला कर दिया और उसमें आग लगा दी, जिससे टोनसिंग हैंगसिंग नामक बच्चे की मौत हो गई। गोलीबारी की एक घटना के दौरान टोनसिंग के सिर में गोली लगने के बाद उसकी मां मीना हैंगसिंग और चाची लिडिया लौरेम्बम उसे मणिपुर की राजधानी के एक अस्पताल में ले जा रही थीं। लड़के की मां मेइती समुदाय से थी जबकि उसके पिता कुकी हैं।सीबीआई के अधिकारियों को दो प्राथमिकी सौंपी गई हैं। इनमें एक लाम्फेल थाने में पुलिस द्वारा दर्ज की गई

और दूसरी प्राथमिकी लड़के के पिता जोशुआ हैंगसिंग द्वारा कांगपोकपी थाने में दायर कराई गई थी। लाम्फेल थाने में मामला हत्या से संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया, जबकि कांगपोकपी में मामला गैर इरादतन हत्या के प्रयास के तहत दर्ज किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जब भीड़ ने उन पर हमला किया तो टोनसिंग, उसकी मां और चाची (दोनों मेइती ईसाई), एक ड्राइवर और एक नर्स के साथ एम्बुलेंस में थे। ड्राइवर और नर्स को भाग जाने दिया गया जबकि पुलिस कर्मियों को पीछे हटना पड़ा जिन्होंने हवा में गोलियां चलाईं। अधिकारियों ने कहा कि भीड़ ने लड़के की मां और चाची द्वारा उन्हें जाने देने की बार-बार की गई अपील को अनसुना कर दिया और एम्बुलेंस को आग लगा दी। तीनों एम्बुलेंस के भीतर थे। उन्होंने बताया कि टोनसिंग गोली लगने के कारण घायल हो गया था तथा कई अन्य लोगों की तरह एक राहत शिविर में रह रहा था।

शिविर पर राज्य के ''बहुसंख्यक समुदाय'' के हथियारबंद लोगों के एक समूह ने हमला किया था।

## लद्दाख में राहुल गांधी ने पिता को अर्पित की श्रद्धांजलि



लेह। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कथन कि लद्दाख की एक इंच जमीन पर भी चीन ने कब्जा नहीं किया है, सच नहीं है। लद्दाख के दौरे पर आए राहुल गांधी ने अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा, ''लद्दाख के लोग चीनी सेना द्वारा कब्जे में ली गई अपनी चारागाह भूमि को लेकर चिंतित हैं।'' गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ''सभी लोगों (लद्दाख में) का कहना है कि चीनी सेना ने घुसपैठ की है और हमारी चारागाह भूमि पर कब्जा कर लिया है और वे (लोग) अब वहां नहीं जा सकते हैं। वे यह स्पष्ट रूप से कह रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) कहते हैं कि एक इंच भी जमीन नहीं ली गई, जो सच नहीं है।''कांग्रेस नेता ने कहा कि वह अपनी 'भारत जोड़ो' यात्रा के दौरान लद्दाख जाने की योजना बना रहे थे, लेकिन कुछ व्यवस्थागत कारण से उन्हें यह योजना छोड़नी पड़ी। उन्होंने कहा, ''तो मैंने सोचा कि मुझे आकर लद्दाख का विस्तृत दौरा करना चाहिए। मैं पैंगोंग आया और नुब्रा और कारगिल का दौरा करने जा रहा हूं। विचार यह है कि लोगों को क्या कहना है और उनकी चिंताएं क्या हैं, यह सुनना है।'' गांधी ने कहा, ''यहां चिंता उस (चारागाह) भूमि की है, जिस पर चीन ने कब्जा कर लिया है। लोग बड़े पैमाने पर प्रभावित हुए हैं, क्योंकि उनकी चारागाह भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। लोगों की एक और चिंता मोबाइल संपर्क की कमी है।''गांधी ने कहा कि क्षेत्र में किसी से भी पूछिए, वे आपको बताएंगे कि चारागाह भूमि पर ''चीनी सेना ने कब्जा कर लिया है।'' कांग्रेस चीन के साथ सीमा स्थिति को लेकर सरकार पर सवाल उठाती रही है। भारतीय और चीनी सैनिक पूर्वी लद्दाख में गतिरोध वाले कुछ बिंदुओं पर तीन साल से अधिक समय से आमने-सामने हैं, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति नहीं होगी।

## रामरहीम पहुंचे सुनारिया जेल, खत्म हुई डेरा प्रमुख की 30 दिन की पैरोल

नई दिल्ली। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को लेकर बड़ी खबर आई है। इसके अनुसार बाबा राम रहीम को मिली एक महीने की पैरोल 20 अगस्त को खत्म हो गई है। बाबा राम रहीम की 30 दिनों की पैरोल खत्म हुई है। जिसके बाद राम रहीम को हरियाणा की रोहतक पुलिस रविवार को उत्तर प्रदेश के बागपत से लेकर सुनारिया जेल पहुंची।

जानकारी के मुताबिक राम रहीम 4 बजकर 55 मिनट पर सुनारिया जेल पहुंचा है। इसके बाद वो फिर से जेल की सलाखों के पीछे ही रहेगा। उसे भारी सुरक्षा के बीच बरनावा आश्रम से रोहतक की सुनारिया जेल तक ले जाया गया। इस काफीले में डीएसपी मुख्यालय से डॉक्टर रवींद्र व सांपला डीएसपी राकेश भी साथ थे। जेल लाने के दौरान स्थानीय पुलिस बल, एलआईयू और खुफिया विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। इस दौरान बाबा राम रहीम की मुंह बोली बेटी हनीप्रीत भी उसे छोड़ने सुनारिया जेल आई थी। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने बाबा राम रहीम की 30 दिनों की पैरोल को 20 जुलाई को मंजूर किया था। पैरोल के दौरान बाबा राम रहीम बागपत के बरनावा स्थित डेरा सच्चा सौदा आश्रम में ठहरे रहे थे।

बता दें कि राम रहीम का जन्मदिन हाल ही में 15 अगस्त को मनाया गया है। राम रहीम साध्वी से दुष्कर्म और पत्रकार की हत्या के आरोप में सुनारिया जेल में सजा काट रहा है।

वर्ष 2017 में सीबीआई की विशेष अदालत ने राम रहीम को दो साध्वियों के यौन उत्पीड़न केस में 10-10 साल की कैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद उसे पत्रकार छत्रपति हत्याकांड और रणजीत हत्याकांड में अदालत ने सजा सुनाई थी। वहीं इस बार हरियाणा सरकार से मिली पैरोल के दौरान ही 15 अगस्त को राम रहीम ने अपना जन्मदिन मनाया है। इस दौरान वो अपने शिष्यों के साथ डेरा सच्चा सौदा में ही रहे। इस दौरान उन्होंने हनीप्रीत के साथ अपना जन्मदिन मनाया और पौधारोपण भी किया।

राम रहीम को अब तक हरियाणा सरकार कुल सात बार पैरोल दे चुकी है। उसे पहले पैरोल 24 अक्टूबर 2020 को मिली थी जो सिर्फ एक दिन के लिए थी, जिसमें उसने अपनी बीमार मां से मुलाकात की थी। इसके बाद फिर बीमार मां से मिलने के लिए ही उसे 21 मई 2021 को पैरोल मिली थी जो एक दिन की थी। तीसरी पैरोल उसे सात फरवरी 2022 को मिली थी, जो 21 दिनों की थी। उसकी चौथी पैरोल जून 2022 में मंजूर हुई थी जो एक महीने की थी। पांचवी बार वो 40 दिनों के लिए अक्टूबर 2022 में बाहर आया था। इसके बाद छठी बार वो 21 जनवरी 2023 को 40 दिनों के लिए बाहर आया था। इसके बाद 20 जुलाई को 30 दिनों के लिए वो जेल से बाहर आया था और इस दौरान उसका जन्मदिन भी था।

## आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने की तैयारी में मनोज सिन्हा



जम्मू। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को उन सरकारी कर्मचारियों की बर्खास्तगी को सही ठहराया जो आतंकवाद का समर्थन करते हैं। सिन्हा ने कहा कि प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा। केंद्र या राज्य सरकारों में असैन्य कर्मियों को बर्खास्त करने, हटाने से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 311 का उल्लेख करते हुए उप राज्यपाल ने कहा कि 'यह अनुच्छेद ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए जोड़ा गया जो देश के लिए खतरा हैं' ।सिन्हा ने यहां एक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा, ''कोई क्या कह रहा है, यह महत्वपूर्ण नहीं है। आतंकवाद से जिन कर्मियों के तार जुड़े हैं, उन्हें कड़ी कार्रवाई का सामना करना होगा।'' वह पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के इस आरोप के संबंध में पूछे गये सवाल का जवाब दे रहे थे ।कि जम्मू कश्मीर प्रशासन ने कुछ कर्मचारियों को 'आतंकवाद का हमदर्द' बताकर उन्हें सेवा से चुन चुन कर बर्खास्त कर दिया। जम्मू कश्मीर बैंक ने अपने मुख्य प्रबंधक सज्जाद अहमद बजाज को कथित तौर पर राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा होने के मामले में बर्खास्त कर दिया था जिसके एक दिन बाद महबूबा मुफ्ती की प्रतिक्रिया आई ।पूर्व मुख्यमंत्री ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, ''कश्मीरी कर्मचारियों को गलत तरह से आतंकवादी समर्थक और आईएसआई समर्थक बताकर चुनिंदा तरीके से बर्खास्त करना सामान्य बात हो गयी है।'' उन्होंने कहा, ''जब सरकार 'जज' और 'ज्यूरी' की भूमिका निभा रही होती है तो आरोपी को अपनी बेगुनाही साबित करने का मौका नहीं दिया जाता।'

## लद्दाख हादसे में जान गंवाने वाले जवानों की शिनाख्त

श्रीनगर। सेना ने रविवार को उन नौ सैनिकों की पहचान की है जो शनिवार को लद्दाख में एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से अपनी जान गंवा बैठे।आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक हादसे में मृत जवानों की पहचान नायब सूबेदार रमेश लाल, हवलदार महेंद्र सिंह, हवलदार विजय कुमार, नायक एन चंद्र शेखर, नायक तेजपाल, ग्रेनेडर मन मोहन, ग्रेनेडर अंकित, ग्रेनेडर तरणदीप सिंह और ग्रेनेडर भोइट वैभव के रूप में हुई है। इस बीच जनरल ऑफिसर कमांडिंग फायर एंड फ्यूरी क्रॉप ने लद्दाख हादसे में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की ।जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने शोक संदेश में कहा, लद्दाख में सड़क हादसे में सेना के जवानों की जान जाने से बेहद दुखी हूं। राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।












# संपादकीय

## नफरत के खिलाफ

अब तक हरियाणवी समाज में खापों की परंपरागत सोच व रूढ़िवादी फैसलों की चर्चा देश-विदेश में होती रही है। मान्यता रही है कि इन संगठनों की कार्यशैली में प्रगतिशीलता से अंतर्विरोध नजर आता रहा है। खासकर खुलेपन के तौर-तरीकों व विचारों के साथ नया आकाश तलाशती नई पीढ़ी को लेकर। लेकिन यह सुखद ही कहा जायेगा कि नूंह में हुई हालिया हिंसक घटनाओं के चलते राज्य में सामाजिक समरसता पर जो आंच आई थी, उसे दूर करने की दिशा में खाप पंचायतें प्रगतिशील सोच के साथ सामने आ रही हैं। हाल ही में राज्य की फोगाट व सांगवान पंचायतों ने नूंह में निकाली गई उस शोभायात्रा के औचित्य को लेकर शंका जतायी, जिसको लेकर वहां हिंसक घटनाएं सामने आई थीं। साथ ही पंचायतों ने उन कथित गौरक्षकों की भी गिरफ्तारी की मांग की है जिनकी भूमिका मॉब लिंचिंग के एक मामले में संदिग्ध रही है। उनका इशारा इस साल की शुरुआत में भिवानी में कथित रूप से दो लोगों की हत्या के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर था। खापों ने राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द को पलीता लगाने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग भी की है। साथ ही खापों ने नूंह की हालिया हिंसा के बाद दोनों समुदायों के बीच विश्वास बहाली की भी बात कही है। वहीं दूसरी ओर चरखी दादरी जिले में खापों की अलग-अलग बैठकों में, सदस्यों का कहना था कि राज्य में विभिन्न खापें सांप्रदायिक एजेंडा बढ़ाने की कोशिश करने वाले तत्वों पर लगाम लगाने के मुद्दे पर एकजुट हैं। खापों ने नूंह में ब्रज मंडल यात्रा के आयोजन को लेकर भी सवाल उठाये और इसे महज राजनीतिक ध्रुवीकरण की कोशिश ही बताया। बैठकों में कहा गया कि सभी समुदाय अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध हैं। बैठकों में नूंह व गुरुग्राम की हिंसा की निंदा भी की गई। वहीं दूसरी सांगवान खाप पंचायत में हालिया हिंसा के प्रति आक्रोश जताते हुए चेताया गया कि राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जायेगी।दरअसल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अतीत में भी खाप पंचायतें सामाजिक सौहार्द व गरिमामय परंपराओं के संरक्षण में रचनात्मक भूमिका का निर्वहन करती रही हैं। जिसके मूल में परंपरागत जीवन मूल्यों का संरक्षण और परंपराओं का जनहित में निर्वाह भी शामिल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि आज जब राजनीति निहित स्वार्थों और पार्टी हितों तक ही केंद्रित होकर रह गई है, समाज में रचनात्मक बदलाव व मूल्यों के संरक्षण के लिये खापों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। मौजूदा सामाजिक जटिलताओं के दौर में भी जब आधुनिकता की आंधी हमारे जीवन मूल्यों को उड़ा ले जाने को बेताब नजर आ रही है। ऐसे में आशा की जानी चाहिए कि खापें किसी भी राजनीतिक दल के प्रभाव में आए। बिना नीर-क्षीर विवेक से सामाजिक उत्थान व समरसता के लिये काम करती रहें। साथ ही भारतीय संस्कृति की मूलभावना वसुधैव कुटुंबकम? की अवधारणा को भी संबल देने का प्रयास किया जाये।

# अफ़ग़ानिस्तान को मान्यता नहीं, मदद की दरकार

**14 मार्च, 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को अपना प्रत्यय पत्र आभासी रूप में प्रस्तुत किया था। उसके पांच माह बाद 15 अगस्त, 2021 को काबुल में संघीय सरकार का पतन और इस्लामिक अमीरात के फतह की घोषणा हुई थी। फरीद मामुंदजय जैसे राजदूत के लिए असमंजस की स्थिति है। सरकार को मान्यता नहीं, और राजदूत की ज़िम्मेदारी निभानी है। अस्वीकृत सरकार के राजदूत कब तक बने रहेंगे? दुनियाभर में तैनात अफग़ान दूत इसी दुविधा से गुज़र रहे हैं।15 अगस्त, 2021 को काबुल के पतन से नौ दिन पहले निमरोज़ पहला प्रांत था, जो इस्लामिक अमीरात की सेनाओं के कब्ज़े में आया। इसके प्रकारांतर नौ दिनों के भीतर देश के 32 अन्य प्रांत पूरी तरह से इस्लामिक अमीरात के नियंत्रण में आ चुके थे। इस्लामिक अमीरात के काबुल पहुंचते ही अराजकता फैल गई। राजधानी काबुल में तालिबान की दस्तक के साथ पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी ने 15 अगस्त की दोपहर झोला उठाया, और अफगानिस्तान से भाग निकले। इस्लामिक अमीरात ने दूसरी बार अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्ज़ा कर लिया था।**



पंद्रह अगस्त, 2023 को अफ़ग़ानिस्तान में सत्ता परिवर्तन के दो साल हो चुके हैं। तालिबान शासन ने तीसरे साल में प्रवेश कर लिया है, उसे अब भी मान्यता का इंतज़ार है। जब मान्यता नहीं है, तो दिल्ली स्थित अफग़ान दूतावास को क्या अवैध माना जाए? विदेश मंत्रालय में अफग़ान डेस्क देखने वाले कूटनीतिक इस यक्ष प्रश्न पर मौन साध जाते हैं। फरीद मामुंदजय ने 14 मार्च, 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को अपना प्रत्यय पत्र आभासी रूप में प्रस्तुत किया था। उसके पांच माह बाद 15 अगस्त, 2021 को काबुल में संघीय सरकार का पतन और इस्लामिक अमीरात के फतह की घोषणा हुई थी। फरीद मामुंदजय जैसे राजदूत के लिए असमंजस की स्थिति है। सरकार को मान्यता नहीं, और राजदूत की ज़िम्मेदारी निभानी है। अस्वीकृत सरकार के राजदूत कब तक बने रहेंगे? दुनियाभर में तैनात अफग़ान दूत इसी दुविधा से गुज़र रहे हैं।15 अगस्त, 2021 को काबुल के पतन से नौ दिन पहले निमरोज़ पहला प्रांत था, जो इस्लामिक अमीरात की सेनाओं के कब्ज़े में आया। इसके प्रकारांतर नौ दिनों के भीतर देश के 32 अन्य प्रांत पूरी तरह से इस्लामिक अमीरात के नियंत्रण में आ चुके थे। इस्लामिक अमीरात के काबुल पहुंचते ही अराजकता फैल गई। राजधानी काबुल में तालिबान की दस्तक के साथ पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी ने 15 अगस्त की दोपहर झोला उठाया, और अफगानिस्तान से भाग निकले। इस्लामिक अमीरात ने दूसरी बार अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। शायद कुछ ही लोगों को गणतंत्र के पतन और अमीरात की स्थापना का अनुमान था। मगर वो तबाही का मंज़र था। पूरा मुल्क भयग्रस्त। दुनिया दम साधे इंसानी विस्थापन की बदतरीन तस्वीर देखती रही।अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने तब कहा था कि हम अफगानिस्तान की समस्याओं को शांतिपूर्ण, भाईचारे के जरिये सुलझाने के लिए तालिबान के नेताओं से बात करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन ऐसा कुछ हुआ क्या? स्वयं हामिद करज़ई के लोगों को सत्ता में शिरक़त का अवसर नहीं मिल रहा। पूर्व राष्ट्रपति अशरफ़ ग़नी के जो लोग बचे-खुचे हैं, अपने देश में अज्ञातवास झेल रहे हैं। मगर, दिलचस्प यह है कि अशरफ ग़नी की सरकार को अब भी संयुक्त राष्ट्र में मान्यता मिली हुई है। राजधानी काबुल में 13 देशों ने अपना दूतावास खोल रखा है, उनमें भारत भी है। अफग़ानिस्तान के 49 दूतावास व 20 कौंसुलेट दुनियाभर में स्थापित हैं, लेकिन किसी भी राजदूत की नियुक्ति इस्लामिक अमीरात के माध्यम से स्वीकृत नहीं हो पाई है।पुराने सत्ताधारियों का दु:ख उस मंज़र को याद कर बढ़ जाता है, जब इस्लामिक अमीरात के सदस्यों ने 15 अगस्त, 2021 की शाम, आर्ग (राष्ट्रपति निवास) पहुंचकर पिछली सरकार का झंडा उतार दिया था। अल जजीरा टीवी के प्रसारण में उस समय इस्लामिक अमीरात के वरिष्ठ नेताओं में से एक मुल्ला अब्दुल गनी बारादर ने लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा का आश्वासन दिया था। उसके शब्द अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष फरेब ही साबित हुए। तब मुल्ला अब्दुल गनी बारादर ने कहा था, 'हम एक ऐसे बिंदु पर पहुंच गए थे, जहां ऐसी कोई उम्मीद नहीं थी कि अफगानिस्तान इस तरह हमारे हाथों में आ जाएगा।' अंतिम अमेरिकी सैनिक मेजर जनरल क्रिस डोनह्यू के अफग़ानिस्तान छोड़ देने के बाद दुनिया ने मान लिया कि 31 अगस्त, 2021 को अमेरिका ने अफगानिस्तान में अपनी दो दशकों की सैन्य उपस्थिति समाप्त कर दी। लेकिन अमेरिकी चौधराहट से अफग़ानिस्तान को मुक्ति नहीं मिली है। करीब 3 लाख 50 हज़ार की संख्या बल वाली जिस अफगान सेना को तैयार करने में बरसों-बरस लगे, वो एक झटके में बिखर गई। 6 सितंबर, 2021 को पंजशीर पर फतह के अगले दिन इस्लामिक अमीरात ने अपनी अंतरिम कैबिनेट की घोषणा की।एक मुल्क जहां के लोग आशियाना और आबोदाना की समस्या से जूझ रहे हों, उन्हें भूखों मरने के लिए छोड़ा नहीं जा सकता। भारत, संयुक्त राष्ट्र खाद्य कार्यक्रम (यूएनडब्ल्यूएफपी) के तहत अब तक 47,500 मीट्रिक टन गेहूं अफग़ानिस्तान भेज चुका है। इसके अतिरिक्त दवाएं और दूसरी सहायता सामग्रियां इस देश को भेजी गई हैं। हेरात स्थित 'यूएनडब्ल्यूएफपी' के अधिकारी बताते हैं कि अफग़ानिस्तान के एक करोड़ 60 लाख ज़रूरतमंद लोगों के लिए ये सामग्रियां चाबहार पोर्ट के रास्ते भारत ने अफग़ानिस्तान भिजवाने का इंतज़ाम किया है।चीन, दाने-दाने को तरसते इस देश को सहायता के नाम पर स्कॉलरशिप दे रहा है। अफग़ान मार्ग का इस्तेमाल चीन सेंट्रल एशिया में व्यापार के विस्तार के लिए कर रहा है। इस्लामिक अमीरात को चीन ने सस्ती दर पर विद्युत और सीमेंट उत्पादन के लिए राजी किया है। 'फान-चाइना अफग़ान माइनिंग प्रोसेसिंग एंड ट्रेडिंग कंपनी', अफग़ानिस्तान में खनन के वास्ते 35 करोड़ डॉलर के निवेश का अहद कर चुकी है। चीन-पाकिस्तान आपदा में अवसर तलाशने की हर कोशिशें कर रहे हैं, लेकिन अफ़गान शासन को मान्यता या यहां की जनता को अन्न-वस्त्र देना इनकी नीयत और नीति से ग़ायब दिखता है।

अमेरिका ने अफग़ानिस्तान को दर्द दिया है।

तो दवा वही पर्दे के पीछे से मुहैया करा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद, वाशिंगटन ने बातचीत का दरवाज़ा बंद नहीं किया है। अमेरिका और तालिबान के बीच नियमित बातचीत के दो रास्ते हैं, एक राजनीतिक और दूसरा, खुफिया आधारित। तालिबान खुफिया विंग 'जीडीआई' के प्रमुख अब्दुल हक वासिक दोहा का अक्सर दौरा करते हैं। दोहा अब भी तालिबान का राजनीतिक मुख्यालय है। अमेरिका के विशेष दूत टॉम वेस्ट ने जुलाई में कतर में विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के नेतृत्व में तालिबान टीम के साथ बातचीत की थी। क़तर अकेला मुल्क है, जो अफग़ानिस्तान में खुलकर मानवीय मदद कर रहा है।

12 अगस्त, 2023 को ख़बर आई कि तालिबान के उप-प्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बारादर तुर्कीये दौरे पर थे। वहां उनकी मुलाक़ात तुर्कीये विदेश मंत्रालय में आर्थिक महकमे के प्रमुख नाइल ओलपाक से हुई। तुर्कीये नाटो का प्रमुख देश होने के साथ-साथ अमेरिकी क्लब का सक्रिय सदस्य है। मानकर चलिये कि मदद देने की कवायद अमेरिकी इशारे पर हो रही है। दूसरी ओर रूस ने भी तालिबान का दामन नहीं छोड़ा है। इस्लामिक अमीरात का दावा है कि आगामी 29 सितंबर को 'मास्को फार्मेट' की बैठक में उनके प्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है।

इस्लामिक अमीरात की दूसरी सालगिरह का दुर्भाग्य देखिये, अब तक किसी भी देश ने इसे मान्यता नहीं दी है। भविष्य में दुनिया के साथ इस्लामिक अमीरात के सहकार का क्या होगा? यह अनिश्चित है। वहां औरतें शिक्षा के साथ अपने हुकूक के सवाल के साथ खड़ी हैं। अमीरात अपनी आदतें सुधारेगा नहीं, मगर उसे पूरी दुनिया से आर्थिक मदद चाहिए!

# आखिर ऐसे शिक्षक पैदा ही क्यों होते है, जिन्हे कुटिल राजनीति करनी है..!

उफ्फ ! अनएकेडमी का यह टीचर, ये सब लोग बार बार किसी बेचारे पढ़े लिखे को अब अनपढ़ बेरोजगार कहकर चिढ़ा रहे । यह चला था अनपढ़ नेताओ की बात करके उनकी जमात को चिढ़ाने । सबने एक साथ मेज थपथपाई और फिर क्या था सबसे पहले रोबड़ी देवी ने कहा ज्हे ! अनएकेडमी के बुड़बक तुमका अभी पता नही की हम अनपढ़ जरूर है पर हमार नौवीं फेल बचवा शिक्षा मंत्री रह चुका है । अत: अब तुमका ए कमेंट खातिर हमरे परिवार का चारा खाए के होई ।

अब फिर क्या वो बेचारा शिक्षक तो नाम किसी का नही लिया पर हमारे बिग बॉस तेजस्वी और उनके पापा मम्मी को धक्का जरूर लगा ।अब सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स और नॉन फॉलोअर्स, सब पिल पड़े हैं कि हिम्मत कैसे हुई उसकी है ? बात शिक्षित भारत की करें तो यहां कुंठा से भरा दिलीप मंडल भी रहता है और कट्टरता से भरा कन्हैया कुमार भी , दोनो को शिक्षित कहकर ना सिर्फ देश का अपमान होगा अपितु पूरे शिक्षा के मंदिर का अपमान होगा ।खैर भारत में किसी शिक्षक ने कहा कि एक पॉडकास्ट करना है तो सब तैयार हो गए उस पॉडकास्ट में उसने एक सवाल पूछा था कि भारतीय और अमेरिकी यूनिवर्सिटियों में पढ़ाई में क्या अंतर है ।

इसका जवाब बहुत विस्तार से दिया जा सकता था । पॉडकास्ट में जिसने जो भी कहा हो लेकिन एक बात कहना चाहता हूं कि भारत के अब के शिक्षकों और अमेरिका के शिक्षकों में मूलभूत अंतर यह है कि भारत के शिक्षक अपने सनातनी परंपरा और छात्रों से सीखना नहीं चाहते हैं । (भले ही वो कितना ही कहते फिरें) उनके मन में देश के व्यवस्था के प्रति न तो कोई सम्मान है और न ही यह भावना कि कल को देश का गौरव सनातन धर्म कुछ आगे बढ़ेगा तो उसका समर्थन करना है । युवा छात्र उनसे बेहतर काम कर लेगा । छात्र उनको तब तक ही अच्छे लगते हैं जब तक गुरू जी गुरू जी करते रहें ।इसके उलट अमेरिका के अधिकतर प्रोफेसर ग्रैजुएशन के बच्चों को भी गंभीरता से लेते हैं । पीएचडी के छात्रों को तो वो अपनी बराबरी का मानते हैं और उनसे अपने प्रोजेक्ट पर फीडबैक तक लेते हैं । प्रोफेसर की किताबों में अक्सर आपको उन छात्रों का नाम आभार में मिलेगा जो उनके छात्र रहे हैं । एडवर्ड सईद की किताबों के आभार में देखेंगे तो उनके कई पीएचडी छात्रों का नाम है जो आगे चलकर खुद बहुत अच्छे प्रोफेसर बने हैं । अमेरिका के अधिकतर गंभीर प्रोफेसर आपको फेसबुक ट्विटर पर नहीं मिलेंगे । अगर मिलेंगे तो भी अक्सर सिर्फ अपने लेख या किताबों की जानकारी शेयर करते हुए मिलेंगे । ज्ञान देने के मामले में वो क्लासरूम की पढ़ाई पर ज्यादा यकीन रखते हैं ।



पंकज कुमार मिश्रा ( जौनपुर )

**युवा छात्र उनसे बेहतर काम कर लेगा । छात्र उनको तब तक ही अच्छे लगते हैं जब तक गुरू जी गुरू जी करते रहें ।इसके उलट अमेरिका के अधिकतर प्रोफेसर ग्रैजुएशन के बच्चों को भी गंभीरता से लेते हैं । पीएचडी के छात्रों को तो वो अपनी बराबरी का मानते हैं और उनसे अपने प्रोजेज़्ट पर फीडबैक तक लेते हैं । प्रोफेसर की किताबों में अज़्सर आपको उन छात्रों का नाम आभार में मिलेगा जो उनके छात्र रहे हैं ।**

अच्छे प्रोफेसर अमूमन तीन से पांच साल में एक किताब प्रकाशित करवाते हैं या कम से कम तीन लेख ।यह स्थायी प्रोफेसरों का सामान्य आउटपुट है। जो प्रोफेसर पांच साल में किताब नहीं ला रहा है उसके बारे में यूनिवर्सिटी की राय बहुत अच्छी नहीं होती है । ऐसे प्रोफेसर अमूमन वो होते हैं जो एडमिनिस्ट्रेशन में चले जाते हैं और उनसे फिर गंभीर रिसर्च की उम्मीद नहीं की जाती । मैं जो कह रहा हूं वो सारे भारतीय प्रोफेसरों पर निश्चित ही लागू नहीं होता है पर दिलीप मंडल जैसे कई लोग होंगे जो ना देश की ना शिक्षा की और ना छात्रों की इज्जत करते है लेकिन मेरा अपना अनुभव यही रहा है कि भारतीय प्रोफेसर छात्रों को ज्ञान लेने के लिए सिर झुकाए भिक्षु की तरह ही देखते हैं और सार्वजनिक रूप से उनके ज्ञान पर कोई सवाल कर दो तो बुरा मान जाते हैं । वो खुद को देश का मित्र कम और बाप अधिक समझते हैंज्यह कष्टकारी है । यह एक कारण हो सकता है कि नए विचार आने में दिक्कत होती है ।

क्या फायदा इस एंटायर पॉलिटिकल साइंस की डिग्री का जो अपने हो लोगो को नही समझा पाए कि बिग बॉस पोस्ट ग्रेजुएट हैं। गैरो को छोड़ो, अपनों को भी साहब की डिग्री पर भरोसा नहीं, लगता है। आईटी सेल वाले कहीं से भी अनपढ़ शब्द सुन लेते हैं तो तत्काल सक्रिय हो जाते हैं। बहुत से नेता को अनपढ़ शब्द का पर्यायवाची बना कर रख दिया है। शायद अनएकेडमी वाले मास्टर साहब की तपस्या के ही कुछ कमी रह गई थी जो वे अपने संस्था को अपने ठीक से पढ़े लिखे होने का यकीन नही दिला पाए। कोई भी ऐरा गेरा मानसिक अनपढ़ ऐसा बयान देता है तो उसे ऐसे ही बेइज्जत करके निकाल देना ही ठीक है और मीडिया के समर्थक उसको ट्रॉल करके उसके बयान को वायरल कर देते है और फिर सब मजे लेते है, मीम बनते है। अगर समर्थक शांत रहें तो बात आई गई हो जाए। पिछली बार भी काजोल को स्पष्टीकरण देना पड़ा था। इस बार टीचर की नौकरी चली गई। मीडिया की लाठी जब पड़ती है तो आवाज नहीं होती। अब आप कभी गलती से भी किसी से ऐसा मत कहिए कि अनपढ़ को वोट मत देना। लालू और बिहार सब देख रहा हैं।

# राजश्री प्रोडक्शन हाउस की नई फिल्म 'दोनों' 5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज़




राजश्री प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड अपनी 59वीं फिल्म 'दोनों' को जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत कर रही है। 'दोनों' का निर्देशन अवनीश एस बड़जात्या ने किया है। कमल कुमार बड़जात्या, स्वर्गीय राजकुमार बड़जात्या और अजीत कुमार बड़जात्या ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। सूरज आर. बड़जात्या फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं। राजश्री प्रोडक्शन हाउस ने नवोदित कलाकारों को चांस देने की, अपनी 75 साल की परंपरा को अपनी इस नई फिल्म में भी कायम रखा है। नवोदित राजवीर देओल और पलोमा स्टारर फिल्म 'दोनों' का टीजर और गाना सिनेप्रेमियों के दिलों को छू गया है। लोगों को राजवीर देओल और पलोमा के बीच की केमेस्ट्री काफी अट्रैक्ट कर रही है और उन्हें इस फिल्म के रिलीज़ होने का बेसब्री से इंतज़ार है। इसी बीच मेकर्स ने इस बात की घोषणा कर दी है कि फिल्म 'दोनों' 5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ की जाएगी।

प्रस्तुति:काली दास पाण्डेय

# सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर फॉरवर्ड अब सोच समझकर कीजिएगा जी !



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में तेज़ी से विस्तारित हो रहे डिजिटलाइजेशन के कारण विभिन्न प्रकार के ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स तेज़ी से बढ़ते जा रहे हैं, जिन्हें हम सोशल मीडिया के नाम से जानते हैं।आज करीब करीब हरमोबाइल धारकों के पास व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम सहित ऐसी अनेकों ऐप्स है जिनके माध्यम से वे अपने भावों को व्यक्त करतें है। सोशलमीडिया पर किसी पोस्ट को शेयर करना फॉरवर्ड करना या फिर उसे रिट्वीट कर देना काफी आम बात है। किसी भी सोशल मीडिया यूजर को जैसे ही कोई पोस्ट पसंद आता है। अक्सर वह ऐसा ही करते हैं। सोशल मीडिया पर एक विचार का समर्थन दर्शाना अर्थात वह स्वयं का विचार बन जाता है। ऐसे में जानकारी रखना काफी आवश्यक है कि सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को रिट्वीट करना फॉरवर्ड करना या फिर शेयर करना क्या अपराध की श्रेणी में आता है या नहीं? परंतु उनकी नजर में तो साफ सुथरे और वेज़ होते हैं। परंतु हो सकता है उससे किन्हीं अन्य वर्ग के दिल में ठेस पहुंचा रहे हो, तो फिर वह मैटर बन जाता है और शिकायतों का दौर शुरू हो जाता है जिसे माफी मांग कर समाप्त कर हल निकालने की कोशिश की जाती रही है। परंतु शुक्रवार दिनांक 18 अगस्त 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए एक फैसले के अनुसार केवल माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही का सामना करने से नहीं बच सकते।हमने कई बार देखा है कि कई लोगों के पास फेसबुक या अन्य एप्स 5 हज़ार की अधिकतम सीमाएं तक पहुंच जाते हैं तो फिर वह अपनी प्रसिद्ध को आगेबढ़ाते हुए उसी के पार्ट-2 और पार्ट-3 जोड़ देते हैं और यह संख्या हज़ारों से लाखों तक पहुंच जाती है, जिससे सोच अपने आप को सेलिब्रिटी समझने की ओर सो चली जाती है, तो स्वाभाविक रूप से अनेक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लीक से हटकर पोस्ट शेयर या फॉरवर्ड कर देते हैं जो उनके लिए जी का जंजाल बन जाता है फ़िर माफी मांगते हैं।परंतु अब हम हजारों ग्रुप्स में देखते हैं कि अनेक पोस्ट शेयर फॉरवर्ड किए हुए मिलते हैं जो ऐसे लोगों द्वाराफॉरवर्ड किया जाता है जिनका उनसे कोई लेना देना नहीं होता बस अनर्गल विचार, अनेक विषयों पर लिखते हैं जिनमें कुछ वर्गों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है, लेकिन अब हमें ऐसी पोस्ट शेयर फॉरवर्ड से बचने की जरूरत है वरना हमें आपराधिक कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। चूंकि 18 अगस्त 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक महत्वपूर्ण फैसले में इस अभद्र अपमानजनक पोस्ट को लेकर टिप्पणियां आई है, ऐसे पोस्ट पर माफी से कम नहीं चलेगा बल्कि आपराधिक कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर फॉरवर्ड अब सोच समझ कर कीजिएगा जी।साथियों बात अगर हम दिनांक 18 अगस्त 2023 को आए एक अपेक्स कोर्ट के दो जजों की बेंच के जजमेंट की करें तो, सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक पोस्ट को लेकर एक याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने वालों को सजा देना जरूरी है, ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही से नहीं बच सकते। उन्हें अपने कृत्यों का परिणाम भुगतना होगा। कोर्टने तमिल अभिनेताऔर पूर्व विधायकके खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। उनके खिलाफ महिला पत्रकारों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला दर्जहै। सुप्रीम कोर्टने कहाहैकि सोशलमीडिया उपयोगकर्ताओं को इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में सावधान रहने की हिदायत देते हुए अभिनेता और तमिलनाडु के पूर्व विधायक द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है।साथियों बात अगर हम इस केस को समझने की करें तो, मामला 2018 का है। उन्होंने अपने फेसबुक पर महिला पत्रकारों को निशाना बनाते हुए एक आपत्तिजनक पोस्ट किया था। दरअसल, एक महिला पत्रकार ने तमिलनाडु के तत्कालीन राज्यपाल पर अभद्रता का आरोप लगाया था। महिला पत्रकार के इस आरोप पर उन्होंने अपनी राय रखी थी। उनके इस पोस्ट के बाद काफी विवाद हुआ था।

किशन सनमुख़दास भावनानी

# राजकीय वरिष्ठ उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला में नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ हुआ



कांगड़ा। नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत आज राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गहालियां में माननीय खंड चिकित्सा अधिकारी त्यारा के डॉक्टर विवेक करोल की अध्यक्षता में नशा मुक्त अभियान का शुभारंभ हुआ।डॉक्टर विवेक ने नशीले पदार्थ जैसे तंबाकू,शराब,चिट्टा इत्यादि से होने वाले दुष्परिणामो की जानकारी दी साथ ही युवा पीढ़ी को इन सब से दूर रहने की प्रेरणा दी।साथ ही डॉक्टर राज्य लक्ष्मी ने बच्चों से नशा मुक्त शपथ ग्रहण करवाई।बच्चों ने नशे मुक्ति सबंधी कविता गान किया और भाषण दिया।साथ ही बच्चो द्वारा बनाये नशे मुक्ति सबंधी चित्रकारी,स्लोगन ने सभी का मनमोह लिया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर राज्य लक्ष्मी उप मंडलीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी,पुरुष स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पवन कुमार,युवा परामर्शदाता वंदना,स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार , प्रधानाचार्य नीरज गर्ग तथा अध्यापक पूनम बनीयल,अनुश्री, नवनीत वालिया, राजीव डोगरा, वीना,विक्रम,मीनाक्षी इत्यादि मौजूद रहे।

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।

- सज़्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सज़्पर्क करें -:

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत सेन्ट्रल पार्क में कराये जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नगर निगम के नगर आयुक्त श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा जोन-6 के अन्तर्गत शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में स्मार्ट सिटी से चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय श्री सतीश कमल जोनल अभियन्ता, श्री दिवाकर भाष्कर नोडल अधिकारी सहायक अभियन्ता, श्री विजय शंकर शुक्ला जोनल स्वच्छता अधिकारी-6 एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित पाये गये। सेंट्रल पार्क में कानपुर स्मार्ट सिटी द्वारा तीन करोड़ की लागत से पार्क में फुटशॉल, पाथवे ,वृक्षारोपण, प्रवेश द्वारों का सुधार, ओपन जिम व चिल्ड्रन पार्क के कार्य कराए जा रहे हैं । निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित निर्देश दिये गये- शास्त्री नगर स्थित बड़ा सेंट्रल पार्क में स्मार्ट सिटी कानपुर द्वारा कराए जा रहे कार्यों के पार्क में पाथवे का निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया। अखाड़े का निर्माण कार्य भी पूर्ण पाया गया। फुटशाल का निर्माण कार्य 80: पूर्ण पाया गया। नगर आयुक्त द्वारा शेष बचे कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। पार्क के अन्दर व्यायाम शाला की ओर तत्काल नया गेट लगाये जाने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार डा0 अमित गुप्ता की ओर के गेट की मरम्मत कर सही किया जाये। पार्क के चारो ओर लग रही ग्रिल के कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाये तथा दीवारों पर पेन्टिंग की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण कर ली जाये। पार्क में प्रोजेक्ट के अनुसार लाइट का कार्य अभी प्रारम्भ नही हुआ है, साथ ही पार्क के अन्दर के पाथवे के पोल भी अभी तक नही हटाये गये है। इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि तत्काल लाइट का कार्य प्रारम्भ किया जाये तथा पोल हटाने हेतु केस्को को पुनः अनुस्मारक पत्र भेजा जाये। मौके पर चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण कार्य प्रारम्भ नही पाया गया, इस पर निर्देश दिये गये कि तत्काल चिल्ड्रेन पार्क का कार्य प्रारम्भ किया जाये। सेन्ट्रल पार्क के बाहर चारो ओर की कच्ची पट्टी पर इण्टरलॉकिंग हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाये।

**सफाई कार्य में लापरवाही पर कार्यवाही**

पार्क के अन्दर पाथवे एवं कच्ची भूमि पर गन्दगी पाये जाने पर मौके पर जोनल स्वच्छता अधिकारी को सफाई हेतु सख्त निर्देश दिये गये । साथ ही सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर सफाई सुपरवाईजर श्री दीपक खोटे का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोके जाने एवं सफाई निरीक्षक श्री दिलीप भारती को इस वार्ड से हटाकर अन्यत्र स्थानान्तरण के निर्देश दिये गये।

# जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन नवीन मार्केट, सेन्ट्रल मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी0 द्वारा जनपद में चले रहे मेट्रो के कार्यों की समीक्षा के क्रम में निर्माणाधीन नवीन मार्केट मेट्रो स्टेशन एवं कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नवीन मार्केट मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल के साथ-साथ पब्लिक एरिया एवं बैकअप एरिया पर विद्युत एवं मैकेनिकल फिटिंग कार्य प्रगति पर होता पाया गया।जिलाधिकारी द्वारा बेस लेवल स्लैब कार्य का निरीक्षण किया गया, जहां पर नवीन मार्केट से बड़े चौराहा के मध्य दोनों टनल बोरिंग मशीन के द्वारा टनलिंग का कार्य सुचारू रूप से चल रहा था। कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन के टनल बोरिंग मशीन के विभिन्न घटकों को एक-एक करके ग्राउंड लेवल से बेस लेवल पर उतारने की तैयारी के कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक मेट्रो द्वारा अवगत कराया गया कि कानपुर सेंट्रल से नयागंज तक टनलिंग का कार्य सितंबर के पहले सप्ताह में प्रारंभ हों जाएगी ।निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक मेट्रो अरविंद कुमार एवं मेट्रो के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता पर्व पर छात्र छात्राओं ने उकेरी सांस्कृतिक प्रतिभाएं



कानपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अ0 वि0) के प्रदेश सचिव कुलदीप आनंद बाबा एडवोकेट ने यूपिका एजूकेशन सेन्टर बीबीपुर चकेरी एयरोड्रम मे बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करते हुये कहा कि आज हम 77वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहे है। यह दिन देश पर आजादी हेतु अपने प्राण की आहुति देने वाले क्रांतिकारीजन की है। जिन्होने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आज़ाद कराया। हम आज उन्हें सादर नमन करते हैं। आज अपना भारत देश प्रगति की ओर अग्रसर है। जिसमे महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षकगण एवम शिक्षण संस्थानों की है। उन्होंने यह भी कहा कि यूपिका एजूकेशन सेण्टर शिक्षा के क्षेत्र मे विगत कई वर्षों से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। अमीर व गरीब तथा असहाय सभी वर्गों के छात्र छात्राओ को उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान कर रहा है और छात्र छात्राओ के उज्जवल भविष्य हेतु निरंतर अग्रसर रहता है। इस सराहनीय कार्य मे विद्यालय की प्रबंधिका/प्रधानाचार्या आलिव सिंह का विशेष योगदान है और उनके साथ उनका सहयोग करने वाली शिक्षिका चन्द्रा सिंह अपना विशेष योगदान प्रदान कर विद्यालय को आगे बढ़ा रही है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई तथा शिक्षक शिक्षिकाओं को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हर्षित आनन्द बाबा (विधि छात्र), रेखा सिंह, विशाल, सपना, पूनम, सौरभ, आर्यन, लक्ष्मी, प्रियंका, माला, रीना, किरन, शिखा, स्तुति रेचल सिंह, टीना सिंह रेमण्ड आदि उपस्थित रहे।

# खाली पदों पर नियुक्ति किए जाने तक हड़ताल जारी रहेगी : लेबर लॉ एडवाइजर्स एसोसिएशन



कानपुर। लेबर लॉ एडवाइजर्स एसोसिएशन और लेबर लॉ रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन के संयुक्त प्रतिनिधि तत्ववधान में चलाए गए आंदोलन के तहत् गुरूवार को श्रम विभाग कार्यालय का गेट बंद कर प्रतिनिधि गणो ने धरना दिया। धरने के दौरान कहा कि श्रम न्यायालयों तथा श्रम विभाग में अधिकारियों के खाली पद पर नियुक्त किए जाने के लिए आज से बेमियादी हड़ताल का ऐलान किया गया ।हडताल में शामिल वक्ताओं ने कहा कि कि वर्तमान में रिक्त पदों पर चल रहे पीठासीन अधिकारियों की स्थाई नियुक्ति की जाए, श्रम न्यायालयों के लंबित वादों का निस्तारण जल्द हो सके। श्रम विभाग में भी अपर श्रमायुक्त एवं सहायक श्रम आयुक्त के पद रिक्त हैं जबकि पूर्व में तेरह सहायक श्रमायुक्त कार्यरत थे,लेकिन वर्तमान में एक अधिकारी द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिससे श्रम कानूनों के तहत तमाम लंबित वाद में आवश्यक कार्रवाई संपादित नहीं हो पा रही है और वादकारी न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष राम नरेश अवस्थी ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर श्रमायुक्त सरजूराम को देते हुए कहा कि यदि पीठासीन अधिकारी और अपर श्रमायुक्त की स्थाई नियुक्ति नहीं की जाती है तो प्रदेश स्तर तक आंदोलन छेड़ा जाएगा। धरने में मुख्य रूप से एस के तिवारी, असित कुमार सिंह, एस एन सिंह, एस के माथुर, एस ए एम जैदी, पी एन श्रीवास्तव,सन्तोष कुमार गुप्ता, गौरव बाजपैई, दीपक साहू, के जी एन खरे, टी के पासवान, संजय तिवारी, आर पी सिंह, आर पी श्रीवास्तव, ओ पी पांडेय, कैलाश पासवान आदि उपस्थित रहे।

# बायोमेट्रिक उपस्थिति का भारी विरोध दूसरे दिन जारी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। प्रदेश कार्यकारिणी फुपुक्टा के आवाह्न पर कूटा यूनिट के 45 महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने बायोमेट्रिक उपस्थिति, पुरानी पेंशन सहित व्याप्त बहुत-सी समस्याओं के विरोध में काली पट्टी बांधकर जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्राध्यापकों ने नारा लगाते हुए प्रदेश कार्यकारिणी, विश्वविद्यालय कार्यकारिणी के आवाह्न पर जरूरत पड़ने हमेशा धरना प्रदर्शन एवं आन्दोलन को तत्पर रहेंगे। 22 अगस्त को 45महाविद्यालय छत्रपति शाहू जी महाराज कानपुर पर विशाल धरना देकर विरोध करेंगे।यह विरोध प्रदेश के सभी अनुदानित महाविद्यालय की इकाई अपने अपने विश्विद्यालय में करेंगे।

# गुमशुदगी पर अलग-अलग क्षेत्रों में चार किशोरियां लापता, पुलिस खोजबीन में जुटी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अलग-अलग थाना क्षेत्रो में चार किशोरियां संदिग्ध हालतों में गायब हो गईं। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर सभी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जूही थाना क्षेत्र से दो सगी बहनें सोमवार शाम को लापता हो गईं। पिता का आरोप है कि उनकी दोनों बेटियों को दो युवक भगा ले गए हैं ।दोनों बच्चियां नाबालिग हैं, इसलिए पुलिस ने अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी 17 व 15 साल की दो बेटियां पास के एक निजी स्कूल में पढ़ती हैं। कुछ समय पहले बड़ी बेटी के पास एक फोन बरामद था। बताया था कि मोहल्ले में रहने वाले अरशद ने फोन तोहफे में दिया था ।दोनों बच्चियां नाबालिग हैं, इसलिए पुलिस ने अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी 17 व 15 साल की दो बेटियां पास के एक निजी स्कूल में पढ़ती हैं। कुछ समय पहले बड़ी बेटी के पास एक फोन बरामद था। बताया था कि मोहल्ले में रहने वाले अरशद ने फोन तोहफे में दिया था ।सख्ती कर फोन वापस कराकर परिजनों से शिकायत की और बातचीत बंद करा दी थी। सोमवार को वे काम पर चले गए और पत्नी नमाज पढ़ने लगी तभी दोनों बेटियां भाग निकलीं। पिता ने कहा कि उनकी छोटी बेटी को भी किसी लड़के ने प्रेमजाल में फंसा लिया है। इंस्पेक्टर जूही ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

– चकेरी में भी गायब हुईं दो किशोरियां, अपहरण का मामला दर्ज

चकेरी में संदिग्ध हालात में दो किशोरियां गायब हो गईं। मामले में परिजनों ने अज्ञात पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार पत्नी का हाथ टूट जाने के बाद उन्होंने घर के कामकाज के लिए 23 जुलाई को साले की 16 वर्षीय बेटी को नोएडा बुलाया था। करीब 20 दिन बाद 13 अगस्त की देर रात को घर से बैग लेकर गायब हो गई ।वहीं, सजारी निवासी पीड़ित पिता के अनुसार उनकी 17 वर्षीय बेटी इंटर की छात्रा थी। 14 अगस्त सुबह वह घर से स्कूल गई थी। उसके बाद लौटकर नहीं आई। उन्होंने पड़ोस के युवक शिवा पर बेटी का अपहरण का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामलों में अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# भारी वाहनों के लिए 26 से पांच दिन का डायवर्जन

कानपुर। श्रवण मास में अयोध्या में आयोजित कार्यक्रमों को लेकर कानपुर में रूट डायवर्जन किया गया है। इस डायवर्जन के तहत भारी वाहन ज्यादातर रायबरेली और प्रयागराज होकर निकलेंगे। उन्हें लखनऊ रोड पर जाने की अनुमति नहीं होगी। पहले चरण में 17 अगस्त रात 12 बजे से 22 अगस्त दोपहर 12 बजे तक और दूसरे चरण में 26 अगस्त रात 12 बजे से एक सितंबर दोपहर 12 बजे तक के लिए यह व्यवस्था लागू की जाएगी ।डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने बताया कि भारी वाहन लखनऊ रोड पर न जाकर कानपुर से प्रयागराज, वाराणसी बक्सर से पटना बाईपास सोनपुर होते हुए निकलेंगे या फिर वैकल्पिक मार्ग के तौर पर वाराणसी भभुआ सासाराम होते हुए निकल सकेंगे। कानपुर-लखनऊ रोड वाले भारी वाहन उन्नाव से रायबरेली जगदीशपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जाकर आजमगढ़, गोरखपुर होते हुए कुशीनगर, गोपालगंज और मुज्जफरपुर की तरफ से निकल सकेंगे।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए फाइलेरिया के प्रति लोगों को किया जागरूक



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। आईडीए राउंड में... सबको दवाई खिलाएंगे, हर एक को समझाएंगे... फाइलेरिया से बचाएंगे...सपने को सच बनाएंगे...देश खुशहाल बनाएंगे जैसे संदेशों के साथ शहर के तीन प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति बुधवार को हुई । लखनऊ से आई आकार फाउंडेशन की टीम ने दिन में ब्लॉक सरसौल के बाबा विश्वनाथ सत्तीदीन स्मारक स्कूल, नरवल तहसील और शाम को जिला मुख्यालय में प्रस्तुतियां दीं । इन नुक्कड़ नाटकों के जरिये फाइलेरिया की गंभीरता बता कर अट्ठाइस अगस्त तक स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही दवा खाने का संदेश दिया गया । स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए यह आयोजन कराया गया । नुक्कड़ नाटक के बाद लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा सेवन की शपथ भी दिलाई गई। ब्लॉक सरसौल के बाबा विश्वनाथ सत्तीदीन स्मारक स्कूल में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आशीष शर्मा ने नुक्कड़ नाटक का उद्घाटन किया और अपने सहयोगियों के साथ नाटक देखा । उन्होंने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक रंजन , नोडल अधिकारी डॉ आरपी मिश्रा और जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में यह आयोजन करवाया गया । फाइलेरिया एक ऐसी लाइलाज बीमारी है जिसे हाथीपांव के नाम से भी जानते हैं। यह गंदगी में पनपने वाले फाइलेरिया संक्रमित क्यूलेक्स मादा मच्छर के काटने से होता है । इससे बचाव के लिए साल में एक बार तीन साल तक लगातार सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अनिवार्य है। साथ ही संक्रमित मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग और घर के आसपास सफाई का रखा जाना जरूरी है। यह सभी संदेश नाटक के जरिये दिये गये । नरवल तहसील पर हुए आयोजन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि 10 से 28 अगस्त तक के अभियान में दवा का सेवन आशा कार्यकर्ता के सामने ही करना है । अगर उस समय घर पर उपलब्ध नहीं हैं तो आशा कार्यकर्ता के घर जाकर दवा उनके सामने ही खाएं। दो वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति को इस दवा का सेवन करना है। सिर्फ गर्भवती और अति गंभीर बीमार लोग दवा का सेवन नहीं करेंगे। बीपी, शुगर, थायरॉयड जैसी बीमारियों में भी दवा का सेवन करना है। इस बार एक से दो वर्ष के बच्चों को इसी अभियान के दौरान पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाई जाएगी । जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी विशाख जी के निर्देशन में हुए नुक्कड़ नाटक में बताया गया कि सामान्यत: फाइलेरिया में कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं । इस संदेश पर जोर दिया गया कि फाइलेरिया की दवा परजीवियो को मार देती है । मरते हुए परजीवियो के प्रतिक्रिया स्वरूप सरदर्द, शरीर में दर्द, बुखार, उल्टी और बदन में चकत्ते जैसी मामूली प्रतिक्रियाएं भी दिखती हैं । ऐसे लक्षण जिनमें नजर आ रहे हैं उन्हें घबराना नहीं चाहिए, बल्कि खुश होना चाहिए कि वह फाइलेरिया के संक्रमण से बच गये । ऐसे लक्षण आमतौर पर स्वत: ही समाप्त हो जाते हैं । जिला मुख्यालय में एडवोकेट रवि ने नाटक देखने के बाद कहा कि हमारे पड़ोसी चाचा को दोनों पैरों में फाइलेरिया है। हमें तो पता ही नहीं था कि यह बीमारी मच्छर के काटने से होती है।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा परिसर के छात्रों के मध्य पांच दिवसीय अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर एन के शर्मा, अधिष्ठाता की अध्यक्षता में सत्येंद्र पाल शारीरिक शिक्षा निदेशक के द्वारा कराया जा रहा था। इस खेल का फाइनल मैच और समापन मुख्य अतिथि श्री जसवंत सिंह, थानाध्यक्ष, सिविल लाइन और विशिष्ट अतिथि डॉ शैलेंद्र शर्मा, प्राचार्य, हैवरा डिग्री कॉलेज के सम्मुख संपन्न हुआ जिसमें विजेता टीम के कप्तान कंचन तिवारी को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जसवंत सिंह, थानाध्यक्ष ने सभी विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी तथा अधिष्ठाता महोदय से छात्रों को नियमित खेल का अभ्यास करने के लिए आग्रह किया जिससे छात्रों का व्यक्तित्व विकास और बेहतर तरीके से हो सके अंत में अधिष्ठाता महोदय ने सभी अतिथियों को फुटबॉल मैच में उपस्थित रहकर छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए और विजेताओं को ट्राफी एवं मैडल प्रदान करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया साथ ही टूर्नामेंट के आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# ई-वे बिल के विरोध में सराफा व्यापारियों ने एडिशनल कमिश्नर जीएसटी को सौंपा ज्ञापन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उत्तर प्रदेश ज्वेलर्स एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वर्मा एवं प्रदेश महामंत्री पुष्पेंद्र जयसवाल ने एडिशनल कमिश्नर जीएसटी विभाग को सरकार द्वारा सराफा व्यापारियों पर ई वे बिल लागू किया जा रहा है जिसे लेकर उत्तर प्रदेश का सराफा व्यापारी विरोध करते हुए एक सम्बोधित ज्ञापन एडिशनल कमिश्नर जीएसटी को दिया। दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा जब जी एस टी एक्ट लागू किया था तब आर्टिकल 71 के तहत सराफा व्यापारियों को इससे बाहर रखा गया था, अब सराफा व्यापारियों पर ई वे बिल क्यों लागू किया जा रहा है। सराफा व्यवसाय जेवर बनाने के लिए सोना, चांदी कारीगरों को देता है जिसको कई कारीगरों के हाथ होते हुए गुजरना पड़ता है जैसे सिलाई, पॉलिश, गलाई एवं अन्य, ऐसी स्थिति में ई वे बिल कितनी बार बनाना पड़ेगा, कारीगर कैसे ई वे बिल बनायेगा, यह कतई व्यवहारिक नहीं है। न ही स्थिति स्पष्ट है। छोटे व्यापारी जो अन्य दुकानदारों से माल मंगा कर ग्राहक को दिखाते हैं कई प्रकार के जेवरात दिखाने के बाद ग्राहक एक जेवरात खरीदता है, कभी कभी वह भी नहीं खरीदता है ऐसी स्थिति में माल का आवागमन तो होता है परन्तु जरूरी नहीं कि माल की बिक्री हो अथवा एक ही आइटम की बिक्री हो एसी स्थिति में ई वे बिल कैसे बनेगा वह कितनी बार बनेगा ।ई वे बिल जनरेट करने से व्यापारी की गोपनीयता भंग होगी तथा सराफा व्यापारियों पर हमेशा जान माल का खतरा बना रहेगा, सुरक्षा की दृष्टि से हमारी जानकारी लीक होगी और हम अराजक तत्वों द्वारा हमले के शिकार हो सकते हैं ।इसके अतिरिक्त अन्य छोटी बड़ी तमाम प्रकार की समस्याएं हैं जिसको लेकर प्रदेश का समस्त सराफा व्यापारी भयभीत है तथा इतनी अधिक लिखा-पढ़ी बढ़ जायेगी जिससे छोटे व्यापारियों का व्यापार बिल्कुल बन्दी की कगार पर पहुंच जायेगा व हजारों की संख्या में व्यापारी बेरोजगार हो जाएंगे। प्रदेश के सराफा व्यापारियों की उपरोक्त समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए ई वे बिल के निर्णय को निरस्त करने अथवा इसकी सीमा दो लाख से बढ़ाकर दस लाख करने का कष्ट करेंजिससे छोटेव्यापारियों को राहत मिल सके तथा व्यापारी निर्भय होकर व्यापार कर सके। ज्ञापन को देने वालो मेंअमित चड्ढा आनंद सिंह शिवनारायण कुशवाहा मोहम्मद अफ्फन बॉबी वर्माराकेश वर्माजितेंद्रवर्माअरविंद गुप्ता अमित केसरवानी आदि रहे।

# विवि में हुआ आयोजन कबड्डी की टीम का हुआ ट्रायल आरम्भ



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । 16 व 17 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्टेडियम में अंतर स्कूल एवं अन्तर विभागीय कबड्डी महिला/पुरुष प्रतियोगिता का आरम्भ हुआ। उक्त प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज, स्कूल ऑफ फार्मेसी, स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्यूमिनिटी इन सोशल साइंसेज, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट,स्कूल आफ फाइन आर्ट एवं अन्य विभागों से मिलजुल कर कुल 8 टीमों ने, महिला वर्ग से स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन, स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्यूमिनिटी इन सोशल साइंसेज, स्कूल आफ फाइन आर्ट व अन्य विभागों से मिलीजुली टीम मिलाकर कुल 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो0 नीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। पहले दिन में पुरुष वर्ग की प्रतियोगिताऐं सम्पन्न कराई गई। जिसमें पूल ''ए'' से स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एवं पूल ''बी'' से स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन की टीम ने 46-13 प्वाइंट से बढ़त बनाते हुए फाइनल मैच जीता। दूसरे दिन में महिला वर्ग की प्रतियोगिताऐं सम्पन्न कराई गई। जिसमें पूल ''ए'' से स्कूल आफ फाइन आर्ट एवं पूल ''बी'' से स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन की टीम ने 38-35 प्वाइंट से बढ़त बनाते हुए फाइनल मैच जीता ।कबड्डी पुरुष एवं महिला टीम के चयन हेतु डा0 आशीष कुमार, डा0 श्रवण कुमार यादव, डा0 प्रभाकर पाण्डेय, सुश्री निमिषा एवं श्री सर्वेन्द्र सिंह के साथ कोच धर्मेंद्र कुमार, अश्वनी मिश्रा रेफरी उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया वूमेन कॉन्फ्रेंस ने धूमधाम से मनाया तीज उत्सव




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। ऑल इंडिया वूमेन कॉन्फ्रेंस द्वारा तीज के रंग तिरंगे के संग थीम पर आधारित सावन संध्या का आयोजन अत्यंत हर्ष के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था मंजू बांगर द्वारा किया गया ।

सभा में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्य बहनों का स्वागत संस्था मीना अग्रवाल एवं सचिव अनीता अग्रवाल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि रेनू शाह न्यूट्रीशनेट ने समय पर आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ।अधिकांश बहनों द्वारा थीम पर आधारित नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए। सरप्राइज प्रश्न प्रतियोगिता संपन्न कराई गई जिसमें अधिक मात्रा में बहनों ने प्रश्न के उत्तर दिए ।आकर्षक खेल प्रतियोगिताएं कराई गई। तत्पश्चात तीज क्वीन प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। जिसमें मनीषा शुक्ला प्रथम एवं रमिंदर्र कौर द्वितीय रहीं। विजेता को जजेस द्वारा निर्णय के आधार पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर संस्था की वरिष्ठ पदाधिकारी मंजू बांगर, आशा सिंह हरविंदर कौर, रीता गुप्ता रमिंदर कौर, सुनीता गुप्ता, रेनू अग्रवाल, सीमा अग्रवाल,रेखा जौहरी, उमा जैन उषा अग्रवाल, नीता गुप्ता, मंजू अग्रवाल, नमिता जैन, एकता जैन ,मीरा गर्ग ,कृष्णा अग्रवाल आदि सदस्या बहनों की उपस्थिति की सराहनिय रही।

# दिव्यांग बेटी संग पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर धरने पर बैठी, दबंग करते हैं मारपीट



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दबंगों से परेशान कल्याणपुर के इंदिरानगर कॉलोनी निवासी दिव्यांग राजमिस्त्री अजय बाल्मीकि बुधवार को बेटी संग पुलिस कमिश्नर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गया। इसके चलते वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। दिव्यांग ने यूनिवर्सिटी चौकी में तैनात एक सिपाही पर दबंग से सांठगांठ का आरोप लगाया है।

इसके चलते आए दिन उसके साथ दबंग उसके साथ मारपीट करते हैं। डीसीपी ने मामले में जांच एडिशनल डीसीपी पश्चिम लाखन यादव को दी है। अजय बाल्मीकि ने बताया कि तीन साल पहले उसकी पत्नी की मौत हो गई थी ।आरोप है पत्नी की मौत के बाद से अक्सर उनके पड़ोस के रहने वाले दबंग आए दिन उसे प्रताड़ित करते हैं। विरोध पर मारपीट करते हैं। जब वह मामले की शिकायत लेकर यूनिवर्सिटी चौकी पहुंचा तो पुलिस दबंगों के खिलाफ कार्रवाई के बजाए उसे ही मारा पीटा। इसके बाद शांतिभंग में जेल भेज दिया।

**छेड़खानी और युवती के कपड़े फाड़ने का आरोप**

आरोप है कि चौकी में तैनात सिपाही की सह पर हाल ही में दबंगों ने उस पर छेड़खानी और युवती के कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया था। जो जांच में फर्जी निकला था। इसके बाद भी पुलिस ने उसके खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई कर जेल भेज दिया था। वह पिछले तीन साल से चौकी से लेकर पुलिस कमिश्नर तक गुहार लगाई ।जहां डीसीपी पश्चिम ने इंस्पेक्टर कल्याणपुर धनंजय पांडेय को कॉल कर पुलिस कार्यालय बुलाया। जहां से उसे मेडिकल के लिए भेज दिया गया। वहीं इस न संबंध में डीसीपी पश्चिम का कहना है कि दिव्यांग के पास से तीन शिकायती पत्र बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही थानाप्रभारी कल्याणपुर को मेडिकल कराने के आदेश दिए गए हैं।

# महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में आईटी का छापा पड़ने से मचा हड़कंप

## कालेज कर्मियों पर छापा पड़ते ही स्टूडेंट्स की फीस और दाखिले संबंधी कागजात जला डालने के आरोप

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मांधना स्थित महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में इनकमटैक्स का पड़ा छापा। आज दोपहर शुक्रवार को 1-15 पर अचानक भारी पुलिसबल के साथ कॉलेज में घुसे इनकमटैक्स और विजिलेंस अधिकारी। अकाउंट सेक्शन को घेरकर सीज किया गया। चलते कालेज में हर तरफ मचा हड़कंप। कालेज परिसर में स्टूडेंट्स से समय से पहले ही जबरन नए सेमेस्टर की फीस जमा करवाके करवाए जा रहे थे रजिस्ट्रेशन। सैकड़ों स्टूडेंट्स के कागजात को बटोर कर कालेज के पीछे खलिहान में प्रबंधन द्वारा जलवाया जा रहा। स्टूडेंट्स द्वारा बोरों में भरे नोटों को पीछे के दरवाजों से चोरी छिपे बाहर ले जाने की जानकारी दी जा रही। कालेज के बाउंसरों और गार्डों ने स्टूडेंट्स को सीन से हटाने को धक्के दे दे कर निकाला बाहर। आरोप है कि वीडियो बनाने पर कालेज बाउंसरों ने कई स्टूडेंट्स के मोबाइल भी छीन कर वीडियो जबरन करवाए डिलीट। कालेज प्रबंधक और संचालक गौरव भदौरिया कालेज परिसर से गायब। बड़ा दें कि पूर्व में कॉलेज को गौरव के बड़े भाई और भाजपा के दिग्गज नेता सलिल विष्णोइ के दामाद, शैलेंद्र भदौरिया संचालित करते थे, जो अब राजस्थान में बड़ा एजुकेशनल ग्रुप चला रहे हैं। इस ग्रुप का एक कॉलेज बिठुर के पास साक्षी नाम से भी है।

अपुष्ट सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ महीनों में ही कालेज के दो अकाउंट्स में इनकमटैक्स विभाग ने करोड़ों रुपए सीज किए हैं। ये फीस और अन्य मदो में स्टूडेंट्स से वसूली गई रकम है। सीज किए जा चुके बैंक अकाउंट्स में 10 करोड़ से अधिक रकम बताई जा रही है। इस कारण से कालेज ने फीस जमा करवाने को नया अकाउंट खोला था। अभिभावकों का आरोप है कि भरपाई करने को ही स्टूडेंट्स से फीस को समय से पहले देने को बाध्य किया जा रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद टिप्पणी के लिए प्रबंधन से कोई उपलब्ध नहीं हुआ।

# डीएम ने बरनाव ग्राम प्रधान रानी देवी के छीने अधिकार

## वृहद गौशाला में गौवंशो के शव को ट्रैक्टर से घसीटने का वीडियो हुआ था वायरल ,उपायुक्त श्रम रोजगार कानपुर करेंगे मामले की जांच टीसी

**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। बरनाव वृहद गौशाला में लापारवाही बरतने वाले सचिव को बीते दिनों डीएम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। गुरुवार को कानपुर डीएम ने करवाई करते हुए बरनाव ग्राम प्रधान के अधिकार छीन लिए है। डीएम ने मामले की जांच उपायुक्त श्रम रोजगार कानपुर नगर को सौंपी है। जांच रिपोर्ट के अधार पर आगे की करवाई की जायगी।

पतारा ब्लाक के बरनाव वृहद गौशाला में बीते दिनों गौवंश के शव को ट्रैक्टर से घसीटने का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो को कानपुर जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने संज्ञान लेते हुए। बरनाव सचिव देवाशीष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

वहीं बरनाव ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। और मामले में जांच रिपोर्ट मांगी थी। कानपुर जिलाधिकारी को दिए गए स्पष्टीकरण में बरनाव ग्राम प्रधान रानी देवी ने अपने पति के साथ पारिवारिक काम से क्षेत्र के बाहर होने की जानकारी दी थी। घाटमपुर एडीएम रामानुज की जांच रिपोर्ट में ग्राम प्रधान और सचिव की लापारवाही सामने आई थीं। रिपोर्ट के अधार पर कानपुर जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने गुरुवार को आदेश जारी कर उप्र पंचायत राज नियमावली नियम 5 के अंतर्गत रानी देवी ग्राम प्रधान बरनाव को तत्काल प्रभाव से वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों के संपादन से निलंबित कर दिया है। डीएम ने मामले की जांच उपायुक्त श्रम रोजगार कानपुर नगर को सौंपी है। जांच रिपोर्ट के अधार पर आगे की करवाई होगी। बरनाव वृहद गौशाला में जांच हुई तो पता चला कि गौशाला बारिस के दिनों कीचड़ में तब्दील हो जाती है। यह जानते हुए सचिव और ग्राम प्रधान ने यहां पर खडंजा व मिट्टी डलवाने का प्रस्ताव तक नही बनाया। जिसके चलते दोनों की लापारवाही सामने आई है। डीएम ने दोनों पर कार्यवाही की है। जांच रिपोर्ट के अधार पर आगे की करवाई सुनिश्चित की जायगी।

# रुपयों के विवाद में जीजा ने ही कराई थी साले की हत्या

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर में गुजैनी पुलिस ने साहिल हत्याकांड का 48 घंटे में खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जीजा ने ही पैसे के विवाद में साले की हत्या कराई थी। पैसों के लालच में फिल्म गदर दिखवाकर मर्डर कराया था। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया। सुपारी लेने वाले युवक ने हत्या के पहले मृतक को गदर फिल्म दिखाई थी। पुलिस ने आरोपी पीओपी कारीगर शिव सिंह उर्फ शिवम निवासी वरुण विहार बर्रा-8 और उसकी निशानदेही पर आरोपी जीजा बब्बन निवासी तात्या टोपे नगर को गिरफ्तार कर लिया ।हत्या की साजिश रचने वाले जीजा ने ही साले की हत्या की डायल 112 कर पुलिस को सूचना दी थी ।आरोपियों ने पूछताछ में बताया बब्बन अपने साले मृतक साहिल उर्फ अनिल से पिछले दो-तीन सालों से परेशान था क्योंकि बब्बन ने 5 लाख रुपये में एक कॉलोनी बेची थी। जिसके लिए साहिल बार-बार पैसों की मांग कर रहा था और आये दिन शराब पीकर गालियां देता था कि तुमने मेरे साथ धोखा किया है जिस कारण साथी बब्बन ने शिवम को पैसे का लालच देकर साहिल को मारने के लिये कहा। फिर शिवम ने साहिल को बीती 15 अगस्त को समय करीब 9-10 बजे रात को शराब पिलाकर ईंट से कूच कर हत्या कर दी। शिवम ने दस हजार रुपये के लालच में आकर साहिल की हत्या कर दी।

# दो दिवसीय जिला पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग आज से, क्षेत्रीय अध्यक्ष ने तैयारियों का लिया जायजा



कानपुर। शनिवार से प्रारंभ होने वाले दो दिवसीय जिला पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण वर्ग की शुक्रवार को बिठूर स्थित नीलम ऑर्चिड तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया ।कार्यक्रम स्थल को महापुरुषों एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बड़े-बड़े कट आउट लगाकर उनके विचारों को लिखा गया। कार्यक्रम स्थल को अंदर से लेकर बाहर तक भाजपा के झंडों व तोरण द्वार लगाकर सभी जिला पंचायत के सदस्यों व वरिष्ठतम नेताओं के आगमन पर पंजीकरण व्यवस्था से लेकर उनको तिलक लगाकर प्रवेश कराने तक सभी इंतजाम पूर्ण कर लिए गए हैं। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने शाम बिठूर कार्यक्रम स्थल पहुंच संपूर्ण तैयारी की बिंदुवार समीक्षा कर, आवास भोजन यातायात साज सज्जा पंजीकरण व अतिथियों के स्वागत आदि में लगे जिम्मेदार पदाधिकारियों को व्यवस्था में भी लगाया गया है उन सभी कार्यकर्ताओं को अपनी ही व्यवस्था पर ध्यान देना है। श्री पाल ने कहा शनिवार दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सदस्यों का वर्ग में रहने के लिए पंजीकरण प्रारंभ होगा। जिला पंचायत सदस्य एवं व्यवस्था में लगे पदाधिकारियों के अलावा किसी का भी प्रवेश प्रशिक्षण वर्ग में नहीं होगा ।

**डिप्टी सीएम उद्घाटन सत्र को करेंगे संबोधित**

भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी अनूप ने देर शाम जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शाम 3-45 बजे प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे कल ही उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं भाजपा के महामंत्री संगठन धर्मपाल अन्य सत्रों को संबोधित करेंगे।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपित को भेजा जेल

कानपुर। पनकी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गंगागंज निवासी विनोद सिंह उर्फ मोनू परियार पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था। पनकी इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने कटरी क्षेत्र का निरीक्षण कर गाँव वालों के स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के दिए निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत जिलाधिकारी विशाख जी0 द्वारा गंगा कटरी क्षेत्र में स्थित चैन का पुरवा एवं भोपाल का पुरवा गांवो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति अजित सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार तथा तहसीलदार सदर आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को जनपद में बढ़ते जलस्तर के क्षेत्र में स्थित आबादी के संबंध में निम्नलिखित निर्देश दिए, अपर जिलाधिकारी ( वित्त एवं राजस्व ) को निर्देशित किया गया कि गंगा कटरी क्षेत्र में स्थिजत जिन-जिन गांवों में जल स्ततर बढ़ने से जल भराव की स्थितति उत्पपन्नन हो रही है, उन गांवों में 24 घण्टे तहसील के कार्मिकों की टीम बनाकर ड्यूटी लगाई जाए तहसीलदार सदर को निर्देशित किया गया कि गांवों में बाढ़ चौकी को सक्रिय करते हुए उनमें आवश्यक राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। तहसीलदार सदर को निर्देशित किया गया कि गंगा नदी में जल स्तर बढ़ने की स्थिति पर प्रभावित गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने एवं आवागमन हेतु जिला प्रशासन द्वारा निन्शुल्क व्यवस्थाएं कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए ।जिला पंचायत पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जलभराव वाले गांवों में अतिरिक्त सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए तथा लगातार दवा का छिड़काव कराते हुए गांव में साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें।

# एसएएफ ने 50 मीटर मार वाली प्रबल रिवॉल्वर की लॉन्च



कानपुर। आयुध कंपनी लघु शस्त्र निर्माणी एसएएफ ने 50 मीटर तक मार करने वाली देश की पहली साइड स्विंग रिवाल्वर की औपचारिक लॉन्चिंग शुक्रवार को की। इसके अलावा रिवॉल्वर की बुकिंग 21 अगस्त से होगी। अभी तक इस तरह की रिवॉल्वर कंपनी में नहीं बनती थी। विदेशी लुक वाली इस रिवाल्वर का भार 675 ग्राम है ।यह रिवॉल्वर अब तक की दूसरी सबसे हल्की रिवॉल्वर होगी। एडवांस वेपंस इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड की इकाई लघु शस्त्र निर्माणी में एक साल में बनकर तैयार की गई इस रिवाल्वर की कीमत तय कर ली गई है। डीलरों को रिवॉल्वर 1,26,000 रूपये में और आम ग्राहक को यह रिवाल्वर 1,40,000 रुपए में मिल सकेगी।

# ड्राइवर के साथ मारपीट कर पिकअप और 10 हजार कैश लूटा



कानपुर। पनकी पड़ाव में दो आरोपितों ने गुरुवार रात ड्राइवर के साथ मारपीट कर पिकअप और 10 हजार कैश लूट लिए। वारदात के बाद ड्राइवर को स्टील प्लांट के पीछे फेंक कर आरोपित भाग निकले। फतेहपुर के रामपुर गांव थाना कल्याणपुर निवासी नरेंद्र कुमार किराए में पिकअप गाड़ियां चलवाते हैं। उनकी एक पिकअप में पड़ोस के रामपुर गांव निवासी ड्राइवर बच्चा लाल माल लोड कर चकरपुर मंडी ले गए थे। मंडी में मिले दो युवकों ने पनकी पड़ाव में माल लोड करवाने की बात कहते हुए गुरुवार रात पिकअप को बुक किया। दोनों युवक ड्राइवर के साथ स्टील प्लांट के पीछे के इलाके में पहुंचे थे। तभी दोनों युवकों ने पिकअप को रुकवा कर ड्राइवर को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। साथ ही ड्राइवर के पास पड़े कैश 10 हजार रुपए और पिकअप को लूट कर भाग निकले। पनकी इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी चेक किया जा रहे हैं।

# वीरों को नमन कर मेधावियों को किया सम्मानित




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के इटावा स्थिति मत्स्य महाविद्यालय एवं शोध केन्द्र में 77वे स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो0 जे0 पी0 यादव ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। और उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्रों को देश के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया ।साथ ही साथ मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के क्रम में दिनांक 12 अगस्त से लगातार सम्पादित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। और उन्हें इसी प्रकार लगन से जीवन में आगे बड़ने की सलाह दी। कार्यक्रम में आगे बोलते हुए डॉ0 ध्रुव कुमार ने छात्र छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हम सभी को हमेशा राष्ट्र हित में कार्य करते हुए, देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक जवान हमेशा बिना अपनी और अपने परिवार की परवाह किए देश की रक्षा करने के लिए तत्पर आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने छात्रों को बताया कि आपको हमेशा अपने साथियों से सकारात्मक प्रतिस्पर्धा करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 कैलाश चंद्र ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ0 ध्रुव कुमार, डॉ0 कैलाश चंद्र, डॉ0 अरुण कुमार, अमरजीत पाल, अनिल कुमार, चंद्रशेखर यादव, चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# प्रेम प्रसंग में युवती का कराया गर्भपात

कानपुर। बस्ती निवासी युवती 2019 में अवधपुरी के कॉलेज से जीएनएम का कोर्स कर रही थी। इसी दौरान उसके साथ पढ़ने वाले युवक ने उसे प्रेम प्रसंग में फांस लिया। साथ ही चौबेपुर के आर्य समाज मंदिर में ले जाकर उसके साथ शादी कर ली। जिसके बाद वह युवती के साथ रहने लगा। इस दौरान दो बार गर्भवती हुई युवती को मारपीट कर जबरन उसका गर्भपात भी करा दिया । रावतपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मौलाना ने की मासूम से अश्लीलता, मुकदमा दर्ज



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। चमनगंज में नौ साल की मासूम को अश्लील वीडियो दिखाकर एक मौलाना ने अश्लील हरकत की। मासूम ने घरवालों को आपबीती सुनाई तो वह स्तब्ध रह गए। मां ने मौलाना के खिलाफ चमनगंज में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में पुलिस ने मौलाना को गिरफ्तार कर मोबाइल को कब्जे में ले लिया है।-रिक्शा संचालक की पत्नी ने बताया कि इलाके का रहने वाला मौलाना आमिर उनकी दोनों बेटियों नौ साल व पांच साल को ट्यूशन पढ़ता है। आरोप है कि बच्चयों को पढ़ाने के बहाने मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाकर वैसा ही करने का दबाव बनाता था। यही नहीं, उसने बच्चियों को यह भी कहा था कि वह यह बात किसी को भी न बताए ।वरना अंजाम बुरा होगा। डर के चलते बच्चियां ये बात अपने परिजनों को नहीं बता रहीं थीं। मौलाना की हरकतें जब ज्यादा बढ़ने लगी तो बड़ी बेटी ने आपबीती बताई। जिसके बाद परिजन चमनगंज थाने पहुंचकर आरोपी मौलाना के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले में छेड़खानी, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर ली है ।पुलिस की पूछताछ में पता चला कि मासूम बच्चियों को ट्यूशन पढ़ा रहा मौलाना खुद पांचवी तक पढ़ा हुआ है। ऐसे में वह मासूमों को क्या शिक्षा दे रहा होगा। थानाप्रभारी नवाब अहमद ने बताया कि जल्द ही मामले में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। इसके साथ ही इसकी सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की अपील की जाएगी। जिससे कि आरोपी को जल्द से जल्द सजा मिल सके। नाबालिग बच्ची को मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाने का मामला प्रकाश में आया है। मुकदमा दर्ज करके आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी टीचर के मोबाइल को रिकवर किया जा रहा है ।जिससे कि सच्चाई का पता लगाया जा सके।

**-आनंद प्रकाश तिवारी, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर**

# घाटमपुर में दो दर्जन से अधिक प्राइवेट अस्पताल हो रहे संचालित

## मेडिकल स्टोर में चल रहे प्राइवेट क्लीनिक, एसीएमओ बोले टीम भेजकर जांच कराएंगे

**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। नगर में दो दर्जन से अधिक प्राईवेट अस्पताल संचालित हो रहे है। यहां पर मेडिकल स्टोर की आड़ में क्लीनिक चल रहे है। बीते दिनों प्राइवेट अस्पताल की लापरवाही के चलते सर्राफ व्यापारी समेत जच्चा बच्चा की मौत हो गई थी। बीते दिन एसीएमओ ने घाटमपुर पहुंचकर दो अस्पतालों का निरिक्षण कर खानापूरी की थी। यहां पर सरकारी अस्पताल के सामने मेडिकल स्टोर में क्लीनिक चल रहे है। फिर भी स्वास्थ्य विभाग ने एक बार भी किसी को नोटिस जारी नही की गई है। घाटमपुर के कानपुर-सागर हाइवे समेत भोगनीपुर-चौडगरा मार्ग के किनारे स्थित भवनों में दो दर्जन से अधिक प्राइवेट अस्पताल संचालित हो रहे है। इन अस्पतालों में डॉक्टर के नाम पर लोगो की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बीते दिनों नगर स्थित चंदेल अस्पताल में सर्राफा व्यापारी की मौत हो गई थी। इस घटना को लोग भूल नही पाए थे, कि नगर स्थित माही अस्पताल में प्रबंधन की लापरवाही के चलते इलाज के दौरान जच्चा बच्चा की मौत हो गई थी, मामला सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने पीड़ित पक्ष से समझौता कर लिया था। घटना की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से अधिकारियो को हुई तो यहां पर पहुंचे एसीएमओ नोडल नर्सिंग सुबोध प्रकाश ने नगर स्थित माही और चंदेल अस्पताल पर पहुंचे लेकिन उन्हें दोनो अस्पताल बंद मिले तो वह वापस कानपुर लौट गए। उन्होंने नगर में संचालित हो रहे अन्य प्राइवेट अस्पतालों की ओर ध्यान ही नही दिया और खानापूरी करके वापस लौट गए।

# देखते रह गए पुतिन, लूना से पहले चांद के दरवाजे पर चंद्रयान!



जिसका देश को था इंतजार आखिर वो घड़ी आ ही गई। पिछले एक महीने से जिस खबर के आने का लगातार इंतजार है। चंद्रयान 3 की एक-एक जानकारी पर पूरे देश की निगाहे थी। वहीं चंद्रयान अब बस कुछ ही दिन इतिहास रचने से दूर है। लगातार अपनी एक-एक मंजिल को पार कर आगे बढ़ता चंद्रयान अब चांद के कितने करीब पहुंच चुका है, इसका अपडेट इसरो की ओर से लगातार दिया जा रहा है। बताया कि एक और अहम पड़वा चंद्रयान 3 ने पार कर लिया है। चंद्रयान 3 अब चांद की सतह से केवल 100 किलोमीटर की दूरी पर है। चंद्रयान 3 के विक्रम लैंडर को चांद के सतह पर उतरने की आखिरी 100 किलोमीटर की यात्रा खुद करनी है। उसे अपने इंजनों यानी थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करके अपनी गति धीमी करनी है। साथ ही ऊंचाई भी कम करनी है। 17 अगस्त यानी आज ही के दिन दोपहर 1 बजे के करीब विक्रम लैंडर अपने प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हो गया है।

धरती से रवाना हुआ चंद्रयान 3 अपने 40 दिन के सफर में से 33 दिन पूरे कर चुका है। 21 तारीख लूना 25 के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग की तारीख बताई जा रही है। लूना 25 का मिशन लाइफ करीब 1 साल का है। जबकि भारत के चंद्रयान 3 का मिशन लाइफ करीब 14 दिन का है। लूना 25 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग के लिए छोटा रास्ता अपनाया है। इस रास्ते के बारे में दुनिया की किसी भी अंतरिक्ष एजेंसी को नहीं मालूम है। लूना 25 रूस के लिए बहुत अहमियत रखता है।

अपने सोयुज रॉकेट से लॉन्च किए गए लूना-25 को अधिक सीधे प्रक्षेपवक्र के कारण चंद्रमा तक अपनी यात्रा में चंद्रयान-3 की तुलना में कम समय लगा है। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, यह लूना-25 क्राफ्ट के हल्के पेलोड और अधिक ईंधन भंडारण के कारण संभव हुआ। जबकि लूना 25 का लिफ्ट-ऑफ द्रव्यमान केवल 1,750 किलोग्राम है, चंद्रयान -3 का कुल वजन 3,900 किलोग्राम है, जिसमें लैंडर मॉड्यूल का वजन 1,752 किलोग्राम और प्रणोदन मॉड्यूल का वजन 2,148 किलोग्राम है। चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण यान ङ्क प्रक्षेपण यान मार्क-द्ब्द्ब्द्ब (एलवीएम3) ङ्क भारत का सबसे भारी रॉकेट है, लेकिन इतना शक्तिशाली नहीं है कि मिशन को चंद्र सतह के सीधे रास्ते पर ले जा सके। अखबार ने कहा कि इसमें ईंधन का भंडार कम है, जिसके कारण अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा तक एक घुमावदार रास्ता अपनाया।

# सीमा हैदर की कहानी में नया ट्विस्ट, भारत आने की तैयारी में पहला पति





सचिन मीना और सीमा हैदर की लव स्टोरी भारत पाकिस्तान में तहलका मचा रही है. आए दिन इसके बारे में कुछ ना कुछ खुलासे हो रहे हैं. इसी बीच इस कहानी में एक ऐसा ट्विस्ट आ गया है जिसे सुनकर है कोई चौंक सकता है. जानकारी के मुताबिक सीमा हैदर के पहले पति गुलाम हैदर भारत आने की तैयारी कर रहे हैं. अगर ऐसा होता है तो कहानी में मोड़ आना लाजिमी है. गुलाम हैदर ने भारत आने के लिए वीजा अप्लाई किया है और इस बात का कुबूलनामा उसने खुद किया है. वहीं एक बात और सामने आई है कि सचिन और सीमा की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने वाले फिल्मकार ने भी गुलाम हैदर को भारत आने का निमंत्रण दिया है.

दरअसल, सीमा के पहले पति गुलाम हैदर ने भारत आने के लिए वीजा अप्लाई किया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में एक यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान खुद गुलाम हैदर ने इस बात का खुलासा किया है. उसने बताया कि मैंने भारत के वीजा के आवेदन किया है, लेकिन किन्हीं दिक्कतों की वजह से उसमें समय लग रहा है. इतना ही नहीं उसने यह भी बताया कि मैं पाकिस्तान भी जरूर जाऊंगा, अपने बच्चों के लिए हर प्लेटफॉर्म तक जाऊंगा. उनके लिए आवाज उठाऊंगा.इसी बीच एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक सीमा हैदर और सचिन की लवस्टोरी पर फिल्म बनाने का ऐलान करने वाले फिल्म डायरेक्टर-प्रोड्यूसर अमित जानी भी गुलाम को भारत बुलाना चाहते हैं. बताया गया कि अमित जानी ने सीमा हैदर के पति गुलाम हैदर को भारत आने का निमंत्रण भेजा है. अमित जानी का कहना है कि वे सीमा हैदर पर मूवी बना रहे हैं, जिसके लिए गुलाम हैदर के बारे में अधिक से अधिक ज्यादा जानकारी लेना चाहते हैं.मालूम हो कि यह कहानी भारत के साथ-साथ पाकिस्तान में काफी चर्चा में रही है. सीमा हैदर को जिस तरह सोशल मीडिया के जरिए सचिन से कुछ ही दिनों में प्यार हो गया और वह भारत आ गई, वह लोगों के लिए काफी चौंकाने वाला है. इन सबके बीच इनकी कहानी पर बन रही फिल्म का पोस्टर भी जारी हो गया है. इस अनोखी प्रेम कहानी पर बन रही फिल्म का नाम कराची टू नोएडा रखा गया है. फिल्म के जरिए सीमा-सचिन की लव स्टोरी देश-विदेश में बयां की जाएगी. फिलहाल अब देखना है कि यह कहानी कहां तक जाएगी.

# सीमा बोली-जय श्री राम तो पाकिस्तान से मिली खुली धमकी, कहा- वापस लौटी तो कत्ल कर देंगे



पाकिस्तान के लोगों ने सीमा हैदर को जान से मारने की धमकी दी है और कहा है कि सीमा के लिए अब पाकिस्तान में कोई जगह नहीं है. सीमा तो खुलेआम डेथ थ्रेट देने वाले पाकिस्तानियों ने कहा कि उसने मुसलमानों और उनके मज़हब का अपमान किया है. इन पाकिस्तानी लड़कों ने आगे कहा कि सीमा ने अपना हिन्दू मजहब कर लिया है, अगर हमारे मुल्क में आ जाए, तो हम उसका कत्ल कर देंगे. गुस्साए पाकिस्तानी लोगों ने सीमा के राम नाम के जयकारे लगाने पर भी ऐतराज किया.पाकिस्तानियों ने दावा किया कि सीमा का कोई किरदार नहीं है और द्बस्ढ्ढ ऐसे एजेंट नहीं रखती. इस तरह की बदकिरदार औरतें जो एक गेम के पीछे एक लोफर बंदे के पीछे भाग जाती हैं, आपका क्या ख्याल है कि पाकिस्तान कोई इस तरह के बंदे रखता है, इस तरह कोई एजेंट होते हैं! कई पाकिस्तानियों ने कहा कि उसको पाकिस्तान में रखना ही नहीं है. बल्कि उसका कत्ल कर देना है. पाकिस्तानी आवाम ने सीमा के 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' का नारा लगाने पर भी कड़ा ऐतराज जताया.सीमा ने अपने पहले पति गुलाम हैदर को उनके आरोपों पर करारा जवाब दिया. ज़ी न्यूज़ से एक्सक्लूसिव बातचीत में सीमा ने दावा किया कि अब वो हिन्दू हैं और मरते दम तक हिन्दुस्तान में ही रहना चाहती हैं. पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत जिन्दाबाद के नारे पर सीमा ने गुलाम हैदर के आरोपों पर जवाब देते हुए साफ किया कि उनकी वफादारी आखिरी सांस तक भारत के साथ है.सीमा ने कहा कि 'जय भारत, जो भी मैं नारे लगाती हूं मन से लगाती हूं और एक बार चांस मौका दिया जाए, तो देखें मेरी मोहब्बत, जब तक जिंदा हूं, आखिरी सांस तक इस देश से वफादारी करूंगी, ये मैं कसम खाती हूं.' सीमा हैदर ने दावा किया वो जलील होकर पाकिस्तान से भारत आई और यहां जितना उन्हें सम्मान मिला वो पाकिस्तान में कभी नहीं मिला.सीमा ने कहा कि जो इंसान तंग होकर, जलील होकर एक जगह से चला आए, तो मोहब्बत शायद रहती नहीं है और मुझे यहां इज्जत और सम्मान मिला है तो उसकी तो कोई बात ही नहीं, मैं जितने भी नारे लगाऊं शायद वो मेरे लिए कम होंगे, जितनी मैं भारत माता की जय करूं, वो कम होगीं. सीमा हैदर ने इस दौरान पाकिस्तान की सच्चाई भी बयान की. सीमा ने दावा किया कि पाकिस्तान में महिलाओं की हालत तो बेहद ही खराब है।

# क्या शिमला बन जाएगा 'जोशीमठ'? धंसती जमीन और घरों की दीवारों में दरारें देख कांपे लोग

हिमालय रेंज में शामिल हिमाचल प्रदेश में प्रकृति इन दिनों ऐसा तांडव दिखा रही है, जिससे यहां की मासूम आवाम त्राहिमाम कर रही है. खबर है कि शिमला के समरहिल में जोशीमठ जैसी तबाही ने दस्तक दी है, जहां कई घरों में दरारे देखने को मिल रही हैं. हालात ऐसे हो गए हैं कि कई मकानों को दरारों ने दो भागों में बांट दिया है. जिस घर को बनाने में एक शख्स की पूरी जिंदगी लग जाती है, उसी आशियाने को यहां लोग छोड़कर जाने को मजबूर हैं. वहीं लोअर समरहिल की बात करें तो यहां दिन-प्रतिदिन खतरा और बढ़ता ही जा रहा है.स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके घरों में दरारे पड़ने लगी हैं और सभी घरों को छोड़कर जाने को मजबूर हैं, लेकिन उनके पास कोई वैकल्पिक भवन नहीं है. रास्तों और घरों में पड़ने वाले कैक्स की वजह से पूरे इलाके में डरावना मंजर देखने को मिल रहा है. आपको बता दें कि रविवार को शिमला में भारी बारिश हुई थी जिसके बाद शिमला समेत अन्य जिलों में भूस्खलन की कई घटनाएं सामने आईं थीं.

शिमला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीव कुमार गांधी ने बताया कि समर हिल इलाके में शिव मंदिर के मलबे से एक और शव बरामद होने के साथ ही बारिश से प्रभावित हिमाचल प्रदेश में मरने वालों की संख्या 75 हो गई है. इनमें से 22 लोगों की मौत शिमला में समर हिल में स्थित शिव मंदिर, फागली और कृष्णानगर में हुए भूस्खलन में हुई.हिमाचल प्रदेश सरकार ने मूसलाधार बारिश के कारण हुए भारी नुकसान को राज्य आपदा घोषित करने का फैसला लिया है. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिसूचना जारी की जाएगी. हिमाचल प्रदेश, राज्य में हुई तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया की भी प्रतीक्षा कर रहा है.

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार 24 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से हिमाचल प्रदेश में बारिश से संबंधित घटनाओं में 217 लोगों की मौत हुई है और 11,301 घर आंशिक या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं. राज्य में कुल 506 सड़कें अब भी बंद हैं और 408 ट्रांसफार्मर तथा 149 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हैं. पिछले तीन दिन में कांगड़ा जिले के बाढ़ग्रस्त इलाकों से 2,074 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. सुक्खू ने पहले कहा था कि राज्य को इस मानसून में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में एक साल लगेगा.

# मॉल के महिला टॉयलेट में बुर्का पहनकर पहुंचा एक शख्स, बना रहा था वीडियो



कोच्चि पुलिस ने एक 23 वर्षीय व्यक्ति को बुर्का पहनकर महिला के रूप में कपड़े पहनने और महिला शौचालय से वीडियो रिकॉर्ड करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. घटना मंगलवार शाम एक मशहूर मॉल में हुई. आरोपी की पहचान अभिमन्यु के रूप में हुई है, जो कोच्चि में कार्यरत एक रोबोटिक्स इंजीनियरिंग स्नातक है.

आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. उस पर आईपीसी की धारा 354 (सी) (ताक-झांक), 419 (प्रतिरूपण) और आईटी अधिनियम की धारा 66ई के तहत मामला दर्ज किया गया है.

**'कैमरा दरवाजे के पास रखा'**

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि अभिमन्यु कथित तौर पर मॉल में महिलाओं के शौचालय में घुस गया, उसने अपना मोबाइल फोन एक बॉक्स में रखा और महिलाओं की गुप्त रूप से फिल्म बनाने के लिए उसे दरवाजे के पास रख दिया. हालांकि, उसके संदिग्ध व्यवहार को सुरक्षा कर्मियों ने देखा जिन्होंने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचित किया. मौके पर पहुंची पुलिस ने अभिमन्यु को गिरफ्तार कर लिया.

**पुलिस ने बुर्का और फोन किया जब्त**

अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने अभिमन्यु के फोन के साथ-साथ अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया

बुर्का भी जब्त कर लिया है.पुलिस का कहना है कि आरोपी के बारे में अधिक जानकारी इक्ट्ठा की जा रही है. यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या वह पहले भी ऐसी घटनाओं में शामिल रहा है या नहीं.

**कर्नाटक में फ्री बस यात्रा के लिए एक शख्स ने पहना बुर्का**

इसी से मिलती-जुलती एक घटना पिछले महीने कर्नाटक के धारवाड़ जिले में देखने को मिली थी. कर्नाटक में सरकार ने महिलाओं के लिए सरकारी बसों में शक्ति योजना लागू की है जिसके तहत महिलाएं बस में मुफ्त यात्रा का लाभ उठा सकती हैं. ऐसे में यहां बस का फ्री टिकट पाने के लिए एक युवक बुर्का पहनकर पहुंच गया था.

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस शख्स की पहचान वीरभद्रैया मठपति के रूप में हुई थी. हालांकि बस में सफर कर रहे अन्य लोगों को उस पर शक हो गया. जिसके बाद लोग उसके पास पहुंचकर कई तरह के सवाल करने लगे. तब लड़के की असलियत सामने आई.

# योगी सरकार की गाड़ियों पर जातिसूचक शब्द लिखने वालों पर नकेल की तैयारी



उत्तर प्रदेश की सड़कों पर गाड़ियां सिर्फ दौड़ती ही नहीं हैं, इन गाड़ियों के भीतर बैठे लोगों का रूतबा भी बयान करती हैं। गाड़ी के शीशे से लेकर नंबर प्लेट तक पर एक नजारा आम तौर पर देखने को मिलता है। करीब-करीब हर गाड़ी के बाहरी हिस्से पर गाड़ी वाले ही हैसियत का भी बखान करती मिल जाती हैं। नेताओं की गाड़ियों पर आपको बड़े-बड़े अक्षरों में सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, किसी पार्टी का प्रदेश या जिला अध्यक्ष जैसे स्टीकर चिपके हुए मिलेंगे, इसी प्रकार सरकारी अधिकारी और पुलिस वाले भी अपना रूतबा दिखाने के लिए कुछ न कुछ लिखाए रहते हैं तो जो न राजनीति में हैं और ना ही किसी रौबदार विभाग में तोवह अपना रूतबा गालिब करने के लिए ठाकुर, क्षत्रिय, पंडित जैसे जातिसूचक शब्द अपनी गाड़ियों में घूमते मिल जाते हैं, जो मोटर अधिनियम के खिलाफ है, लेकिन इस पर कभी किसी सरकार ने गौर नहीं किया। लेकिन अब योगी सरकार ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती करने जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार,बाइक या अन्य वाहनों पर पर ब्राह्मण, जाट, राजपूत, गुर्जर, खान, अंसारी, कुरैशी जैसे जातिसूचक शब्द लिखने वालों की खैर नहीं होगी। सीएम योगी ने वाराणसी दौरे पर इस संबंध में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस की क्षेत्रों में पेट्रोलिंग नियमित रूप से कराई जाए। वाहनों पर जातिसूचक बोर्ड लगाकर कोई न चलने पाए। इस पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जाए। शहर के सभी सीसीटीवी कैमरे काम करने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अवैध खनन एवं वसूली पर रोक लगाए जाने पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया। सीएम ने कहा कि जनपद की सीमाओं पर पैनी नजर रखी जाए। स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम के सिग्नल की संख्या और बढ़ाए जाने का निर्देश दिया। योगी ने कहा कि रिंग रोड के किनारे ट्रांसपोर्ट नगर बसाया जाए। सीएम ने वेयरहाउस को स्थानांतरित कराए जाने की बात कही।योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन विकास एवं निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करें। योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने रिंग रोड के किनारे शहर का विस्तार और बस अड्डे स्थापित किए जाने पर विशेष जोर दिया।

# महिला कांस्टेबल चेंज कराएगी जेंडर, पुरुष बनकर जारी रखेगी सेवा, सरकार से मिला ग्रीन सिग्नल




मध्यप्रदेश पुलिस विभाग से जुड़ा एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है. विभाग की एक महिला कांस्टेबल ने अपना लिंग परिवर्तन कराने की अनुमति मांगी है. गौर करने वाली बात यह है कि इस मामले में राज्य की शिवराज सरकार ने महिला उसकी मांग के आधार पर लिंग परिवर्तन कराने की अनुमति दे दी है. राज्य के पुलिस विभाग से पहले भी एक ऐसा ही मामला सामने आया था. तब भी सरकार ने महिला पुलिस कर्मचारी को जेंडर चेंज कराने की अनुमति दे दी थी.मध्यप्रदेश पुलिस की एक महिला आरक्षक को राज्य सरकार ने लिंग परिवर्तन प्रक्रिया से गुजरने की अनुमति दी है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) राजेश राजोरा ने कहा कि रतलाम जिले में तैनात दीपिका कोठारी लिंग परिवर्तन की अनुमति पाने वाली राज्य की दूसरी महिला आरक्षक बन गईं.

प्रदेश के गृह विभाग ने सोमवार को जारी एक आदेश में कहा कि कोठारी को 'लिंग पहचान विकार' है और उन्हें मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर लिंग परिवर्तन कराने की अनुमति दी गई है. आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में सरकारी कर्मचारियों के लिए लिंग परिवर्तन की अनुमति देने के लिए कोई स्पष्ट नियम नहीं हैं.इस मामले में कानूनी विभाग की राय लेने और उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर अनुमति दी गई थी. आदेश में कहा गया है कि लिंग परिवर्तन के बाद आरक्षक विशेष रूप से महिला कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों का लाभ नहीं उठा पाएगा. अधिकारियों ने कहा कि 2021 में, आरती यादव नाम की एक अन्य महिला आरक्षक ने भी इसी तरह की अनुमति प्राप्त की थी.

# हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के कहर से 66 लोगों की मौत

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार बारिश और भूस्खलन से 66 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई स्थानों पर मकान ढहने से घायलों को बचाने और मलबे से शव निकालने के लिए अभियान जारी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ज्यादातर मौतें हिमाचल प्रदेश में हुईं, जहां 13 अगस्त को भारी बारिश शुरू होने के बाद से 60 लोगों की मौत हो गई है। मौसम कार्यालय ने अगले दो दिनों में हिमाचल प्रदेश में और अगले चार दिनों में उत्तराखंड में छिटपुट लेकिन भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।मंगलवार को बचावकर्मियों ने भूस्खलन के कारण मलबे से तीन शव बरामद किये. शिमला में ढहे शिव मंदिर के मलबे से एक शव निकाला गया, जबकि शहर में ताजा भूस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई। शिमला के कृष्णानगर इलाके में भूस्खलन के बाद छह अस्थायी सहित कम से कम आठ घर ढह गए और एक बूचड़खाना मलबे में दब गया।मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य में मौजूदा स्थिति की समीक्षा के लिए मंगलवार को एक बैठक की अध्यक्षता की और इस बात पर जोर दिया कि हिमाचल सरकार प्राथमिकता के आधार पर बहाली के प्रयासों में तेजी लाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने अधिकारियों को पिछले कुछ दिनों में मूसलाधार बारिश से प्रभावित बिजली और जल आपूर्ति योजनाओं को तेजी से बहाल करने का भी निर्देश दिया। बुधवार सुबह एक ट्वीट में मुख्यमंत्री ने कहा कि पोंग बांध में जल स्तर बढ़ने के कारण कांगड़ा के निचले इलाकों में 800 से अधिक लोगों को उनके गांवों से निकाला गया। उन्होंने कहा, पोंग बांध के पास कांगड़ा के निचले इलाकों से 800 से अधिक लोगों को निकाला गया।

# घर के बाहर लोग रख रहे लाल रंग की बोतलें, जानें आखिर इस टोटके के पीछे क्या है वजह?



भारत में हर घर में कुछ न कुछ टोटके देखने को मिल जाते हैं, लेकिन कुछ नए नवेले टोटके लोगों को ज्यादा प्रभावित करते हैं. कुछ ऐसा ही यूपी के कानपुर में देखने को मिला, जहां लोग अपने घरों के बाहर लाल रंग की बोतलें रख रहे हैं. अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ऐसा क्यों कर रहे हैं तो चलिए हम आपको बताते हैं कि वहां की महिलाएं ऐसा क्यों कर रही हैं और इसके पीछे की क्या वजह है. दरअसल, कानपुर में कई दिनों से हैरान कर देने वाला टोटका किया जा रहा है और महिलाएं अपने घरों के बाहर लाल रंग की बोतलें रख रही हैं. उनका मानना है कि ऐसा करने से जानवर उनके घर के बाहर गंदगी नहीं करेंगे.

इस बारे में जब जानने की कोशिश की गई तो पता चला कि इस बात का कोई भी वैज्ञानिक आधार नहीं है. फैक्ट्स के मुताबिक, यह सिर्फ स्थानीय लोगों का भ्रम है और यह टोटके कहां से शुरू हुई, किसी को नहीं मालूम. बताया जा रहा है कि कानपुर में यह मामले मसवानपुर, कल्याणपुर और रावतपुर जैसे इलाकों में हो रहा है. यहां के कई घरों के बाहर लाल रंग के बोतलें रखी गई हैं. सड़कों गलियों में लोग अपने घरों के बाहर ऐसा कर रहे हैं और इन्हें देखकर लोग भी अपने घरों के बाहर ऐसा करने लगे हैं. पढ़े-लिखे लोग ऐसा देखकर अपने घरों में हूबहू करने की कोशिश कर रहे हैं.स्थानीय लोगों को कहना है कि महिलाओं को किसी ने बता दिया कि बोतल में लाल रंग का पानी भरकर रखने से कुत्ते, गाय-भैंस गंदगी घर के बाहर नहीं करेंगे. तब से लोग ऐसा ही करने लगे. फिलहाल, टोटके की शुरुआत कैसे और कहां से हुई, यह किसी को नहीं मालूम. लोग सिर्फ अपने घरों के बाहर लगातार कर रहे हैं. यह अब सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है. कई लोगों ने तो तस्वीरों को भी सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया, जिस पर सभी अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

# एसडीएम ज्योति मौर्य ने अपने ऊपर बने मीम्स को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया, पति ने लगाया था शादी में धोखा करने का आरोप



सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) ज्योति मौर्य से जुड़ा विवाद अब दिल्ली हाई कोर्ट के दरवाजे तक पहुंच गया है। सरकारी कर्मचारी ने एक याचिका दायर कर उन्हें और उनके पति चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आलोक को ट्रोल करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट, गाने और मीम्स को हटाने की मांग की है।ज्योति मौर्य तब से विवादों के केंद्र में हैं जब उनके पति आलोक मौर्य ने आरोप लगाया था कि उनका गाजियाबाद में होम गार्ड कमांडेंट के रूप में तैनात मनीष दुबे के साथ विवाहेतर संबंध था। एक वीडियो में आलोक मौर्य एसडीएम बनने के बाद पत्नी के छोड़ जाने पर आंसू बहाते नजर आए।इसके बाद ज्योति ने दावा किया कि उन्हें सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा और वह अपने पति के आरोपों के आधार पर आलोचना के केंद्र में थीं, जिससे उन्हें पेशेवर और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा। अब ज्योति मौर्य विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने खिलाफ पोस्ट किए गए वीडियो, मीम्स आदि को हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गई हैं।एसडीएम बनने के बाद चौथी केटेगरी में काम करने वाले पति को छोड़कर एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर के कारण ट्रोलिंग का सामना कर रही है ज्योति मौर्य याचिका में ज्योति मौर्य ने अदालत से आग्रह किया है कि वह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप सहित अन्य प्लेटफार्मों पर प्रसारित फर्जी खबरों, ऑडियो वीडियो और आपत्तिजनक खबरों को खारिज करने का निर्देश दे।ट्रोलिंग को अपनी निजता के अधिकार का हनन मानते हुए ज्योति ने कहा है कि उनके खिलाफ एक भ्रामक अभियान चलाया गया था और उन्हें इंटरनेट उपयोगकर्ताओं द्वारा निशाना बनाया गया था, जिन्होंने कथित तौर पर उनसे जुड़े अश्लील गाने और वीडियो बनाए थे। उन्होंने यह भी दलील दी है कि इस संबंध में एफआईआर के बावजूद पुलिस ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है।एसडीएम ज्योति मौर्य द्वारा अपने पति आलोक मौर्य से तलाक की अर्जी की सुनवाई भी आज सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई है। इस मामले पर आज प्रयागराज की फैमिली कोर्ट में सुनवाई होगी. पिछले महीने अपनी तलाक याचिका पर पहली सुनवाई के दौरान ज्योति मौर्य अदालत में मौजूद नहीं थीं। मौर्य दंपति के बीच लगातार चले ड्रामे के बाद तलाक की याचिका दायर की गई थी। जून में पत्रकारों के एक समूह के साथ आलोक की बातचीत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो में, आलोक ने ज्योति पर उसे धोखा देने का आरोप लगाया और असफल शादी पर रोते हुए देखा गया। आलोक ने कथित तौर पर ज्योति और मनीष के बीच हुई व्हाट्सएप चैट का हवाला दिया और 2020 में दोनों को रंगे हाथों पकड़ने का भी दावा किया।

# 95वें ऑस्कर अवॉर्ड विजेता





**बेस्ट फिल्म- एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस**

**बेस्ट एक्ट्रेस- मिशेल योह,** एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स

**बेस्ट एक्टर- ब्रेंडन फ्रेजर,** द व्हेल

**बेस्ट स्पोर्टिंग एक्ट्रेस- जेमी ली कर्टिस,** एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स

**बेस्ट स्पोर्टिंग एक्टर- के हुई क्वान,** एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स

**बेस्ट डायरेक्टर- डैनियल क्वान और डैनियल शेइनर्ट,** एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स

**बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म- ऑल क्वाइट ऑन द वर्सटर्न फ्रंट**

**बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले- डैनियल क्वान और डैनियल शेइनर्ट,** एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स

**बेस्ट एडेप्टेड स्क्रीनप्ले- सारा पोली,** विमेन टॉकिंग

**बेस्ट सिनेमैटोग्राफी- जेम्स फ्रेंड,** ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट

**बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन- ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट**

**बेस्ट विजुअल इफेक्ट- अवतार: द वे ऑफ़ वॉटर**

**बेस्ट फिल्म एडिटिंग- पॉल रोजर्स,** एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स

**बेस्ट ओरिजिनल स्कोर- वोल्कर बर्टेलमैन,** ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट

**बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग- "नाटू नाटू" फ्रॉम RRR, म्यूजिक: एम.एम. कीरावनी, लिरिक्स: चंद्रबोस**



**बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन- रूथ ई. कार्टर,** ब्लैक पैंथर: वाकांडा फॉरएवर

**बेस्ट मेकअप और हेयर स्टाइलिंग- द व्हेल**

**बेस्ट एनिमेटेड शॉर्ट फिल्म- द बॉय, द मोल, द फॉक्स, एंड द हॉर्स**

**बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म- नवलनी**

**बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म- द एलिफेंट विस्परर्स**

**बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म- एन इरिस गुडबाय**

# भारत-पाकिस्तान मैच के टिकटों की बिक्री शुरू



एशिया कप 2023 के तहत श्रीलंका में खेले जाने वाले मैचों के टिकटों की बिक्री भी शुरू हो गई है। टूर्नामेंट के चार मैच पाकिस्तान तो फाइनल समेत 9 मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट के तहत चिरप्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 2 सितंबर को खेला जाएगा। इस मैच टिकट्स आज 17 अगस्त से ऑनलाइन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। भारत-पाक मुकाबले समेत अन्य मैचों के टिकट कैसे बुक कर सकते हैं और उनका प्राइस कितना रखा गया है?

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका में होने वाले एशिया कप के 9 मैचों के टिकट की ऑनलाइन बिक्री शुरू कर दी है। भारत-पाक मैच की टिकट्स की काफी मांग है। ये मुकाबला श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 2 सितंबर को खेला जाएगा। अधिकतर मैचों के एक आईडी पर 4 टिकट खरीद सकते हैं, वहीं बड़े मैचों के एक आईडी या पासपोर्ट पर 2 टिकट ही खरीद पाएंगे।

# वर्ल्ड कप 2023 में नहीं खेलेंगे 2 दिग्गज खिलाड़ी

नई दिल्ली। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए बीसीसीआई बड़े स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी बीच इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड ने वर्ल्ड कप के लिए अपनी शुरुआती टीम की घोषणा कर दी है। चौंकाने वाली बात ये है कि घोषित 15 सदस्यीय टीम में दो दिग्गजों का नाम नहीं है।

भारत की मेजबानी में खेले जाने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 को अब करीब डेढ़ महीने का समय शेष है। ये पहली बार है, जब पूरा वनडे वर्ल्ड कप भारत की सरजमीं पर ही खेला जाएगा। बीसीसीआई बड़े स्तर पर क्रिकेट के इस महाकुंभ की तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी बीच इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड ने वर्ल्ड कप के लिए अपनी शुरुआती टीम की घोषणा कर दी है। चौंकाने वाली बात ये है कि घोषित की गई 15 सदस्यीय टीम में दो दिग्गजों का नाम नहीं है। मतलब साफ है कि इन दोनों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड ने जोस बटलर की अगुवाई में अपनी शुरुआती टीम का ऐलान कर दिया है। ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को 15 सदस्यीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है, जो साल भर पहले ही वनडे से संन्यास ले चुके थे। आईसीसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए इसकी पुष्टि की है।

इंग्लैंड के प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैरी ब्रूक और तूफानी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर वर्ल्ड कप शुरुआती टीम में जगह नहीं बना सके हैं। जोफ्रा आर्चर के चोट के बाद वर्ल्ड कप में वापसी की उम्मीद जताई जा रही थी। वहीं, 12 टेस्ट 4 में शतक और 7 में अर्धशतक लगा चुके 24 वर्षीय हैरी ब्रूक को भी इंग्लिश टीम में नही रखा गया है।

# वीडियो डिलीट करो और माफी मांगो, इमरान खान की बेइज्जती पर भड़के वसीम अकरम



नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने 76वें स्वतंत्रता दिवस पर पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (क्ष्ट्क्र) द्वारा जारी वीडियो देखने के बाद हैरानी जताई है। उन्होंने ट्वीट कर वीडियो से क्रिकेट के दिग्गज और 1992 विश्व कप विजेता कप्तान इमरान खान को हटा दिए जाने की आलोचना की है। इसके साथ ही क्ष्ट्क्रसे भूल सुधारने और माफी मांगने का आग्रह भी किया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 14 अगस्त को देश के क्रिकेट इतिहास को दर्शाते हुए एक वीडियो साझा किया था। इसमें वर्ल्ड चैंपियन कप्तान इमरान खान की अनदेखी हुई थी, जिसकी वसीम अकरम ने आलोचना की है। पीसीबी ने 14 अगस्त को एक वीडियो जारी किया, जिसमें उनके कुछ शीर्ष खिलाड़ियों के प्रमुख योगदान और 1952 के बाद से पाकिस्तान क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े क्षणों पर प्रकाश डाला गया, जब उन्होंने अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था। लेकिन इस वीडियो में इमरान खान को नहीं दिखाया गया। प्रतिक्रिया दी है। 57 वर्षीय अकरम ने कहा कि जब उन्होंने वीडियो देखा तो उन्हें जीवन का सबसे बड़ा सदमा लगा और उन्होंने पीसीबी से वीडियो को हटाने और इमरान को इससे बाहर रखने के लिए माफी मांगने का आग्रह किया।

अकरम ने एक ट्वीट में कहा, श्रीलंका पहुंचने से पहले लंबी उड़ानों और कई घंटों के ट्रेवल के बाद, मुझे अपने जीवन का सबसे बड़ा झटका तब लगा जब मैंने महान इमरान खान को छोड़कर पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास पर पीसीबी की छोटी क्लिप देखी

# 10 मीटर एयर राइफल में मेहुली घोष ने जीता कांस्य पदक



बाकू। युवा निशानेबाज मेहुली घोष ने शनिवार को यहां विश्व चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए एक कोटा स्थान हासिल किया। कोलकाता की 22 साल की निशानेबाज ने तिलोतमा सेन और रमिता के साथ मिलकर 1895.9 के कुल स्कोर से 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा भी जीती। चीन ने 1893.7 अंक के कुल स्कोर से रजत और जर्मनी ने कांस्य पदक जीता। ओलंपिक कोटे का प्रावधान सिर्फ व्यक्तिगत स्पर्धा तक ही सीमित है। मेहुली ने फाइनल में 229.8 का स्कोर बनाकर पोडियम स्थान सुनिश्चित किया जिसमें वह चीन की जियाऊ हान (251.4) और झिलिन वांग (250.2) से पीछे रहीं। एयर राइफल स्पर्धा में शीर्ष तीन निशानेबाजों का ओलंपिक कोटा स्थान सुनिश्चित है। भारत ने मेहुली से पहले पेरिस ओलंपिक के लिए तीन कोटे हासिल कर लिये थे। रूद्रांक पाटिल ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल, स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पाजीशंस और भोवनीश मेंदिरत्ता ने ट्रैप पुरुष ने कोटा प्राप्त किया था। मेहुली ने क्वालीफिकेशन राउंड में शानदार प्रदर्शन दिखाया, जिसमें वह 140 निशानेबाजों में 634.5 अंक से पहले स्थान पर रही थीं। स्वर्ण पदक जीतने वाली हान क्वालीफिकेशन में तीसरे और रजत पदक विजेता वांग आठवें स्थान पर रही थीं। फाइनल के बाद खुश मेहुली ने कहा, ''मैं कांस्य पदक और ओलंपिक कोटा हासिल कर काफी खुश हूं।

# गुस्से में नोवाक जोकोविच ने तोड़ दिया था रैकेट, लगा भारी जुर्माना



नोवाक जोकोविच पर विम्बलडन फाइनल के दौरान अपना रैकेट तोड़ने के लिए भारी जुर्माना लगाया गया है। जोकोविच पर (8,000 डॉलर) लगभग साढ़े छह लाख का जुर्माना लगाया गया है। उन पर यह जुर्माना इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब ने लगाया है।बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच पर कार्लोस अल्काराज के खिलाफ विंबलडन फाइनल के दौरान नेट पोस्ट पर अपना रैकेट तोड़ने के लिए भारी जुर्माना लगाया गया है। यह घटना रविवार को 20 वर्षीय स्पैनियार्ड के खिलाफ उनकी हार के पांचवें सेट में हुई जब जोकोविच अल्काराज की सर्विस तोड़ने में असफल रहे और बाद में अपना सर्विस गेम हार गए और लकड़ी के नेट पोल में से एक के खिलाफ अपने रैकेट को जोर से मारकर अपनी निराशा व्यक्त की।

अंपायर फर्गस मर्फी ने तुरंत जोकोविच को उनके रैकेट-स्मैशिंग उल्लंघन के कारण कोड उल्लंघन के लिए चेतावनी जारी की। परिणामस्वरूप, सात बार के विंबलडन चैंपियन पर 6,117 पौंड का जुर्माना लगाया गया और यह पैसा उनके 1.175 मिलियन पौंड के उपविजेता चेक से काट लिया जाएगा।दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अल्काराज ने ब्रेक का पूरा फायदा उठाते हुए चार घंटे और 42 मिनट के बाद 1-6 7-6 (8-6) 6-1 3-6 6-4 से जीत हासिल की। ऑल इंग्लैंड क्लब में 20 वर्षीय खिलाड़ी की जीत ने जोकोविच को 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से वंचित कर दिया और सेंटर कोर्ट पर उनका अजेय अभियान भी समाप्त हो गया।रविवार के फाइनल में, जोकोविच पर दो बार कोड उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया। पहला कोड उल्लंघन तब हुआ जब जोकोविच की सर्विस हिट होने से पहले शॉट क्लॉक शून्य पर पहुंच गई। दूसरा उल्लंघन तब आया जब वह पांचवें सेट में ब्रेक से पिछड़ने के बाद उन्होंने अपने रैकेट को नष्ट कर दिया।मैच के बाद, जब जोकोविच से उनके दो कोड उल्लंघनों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, इसके बारे में बात करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। दूसरा (उनका दूसरा कोड उल्लंघन) निराशा थी। दूसरे गेम में मेरे पास ब्रेक पॉइंट थे। हां, बस कुछ कठिन अंक। सर्बियाई खिलाड़ी को 2020 यूएस ओपन से कुख्यात रूप से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

# प्राइवेट प्लेन, 25 बेडरूम का घर और महंगी गाड़ियां; सऊदी अरब में नेमार को फ्री में मिलेंगी ये सुविधाएं



नई दिल्ली। नेमार अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी और फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे के साथ टीम में थे। अब तीनों में पीएसजी की टीम में सिर्फ एम्बाप्पे ही बचे हैं। नेमार सऊदी अरब चले गए और मेसी ने हाल ही में अमेरिका के क्लब इंटर मियामी के साथ करार किया था। ब्राजील के स्टार फॉरवर्ड और दुनिया के टॉप-5 खिलाड़ियों में शामिल किए जाने वाले नेमार जूनियर अब सऊदी अरब में खेलते दिखेंगे। नेमार ने अल हिलाल क्लब के साथ दो साल के लिए करार किया है। अल हिलाल ने 31 साल के इस खिलाड़ी को 90 मिलियन यूरो (लगभग 817 करोड़ रुपये) में अपने साथ जोड़ा है। दो साल के लिए उनका सैलरी पैकेज 300 मिलियन यूरो (करीब 2713 करोड़ रुपये) है। नेमार इससे पहले फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की ओर खेल रहे थे नेमार अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी और फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे के साथ टीम में थे। अब तीनों में पीएसजी की टीम में सिर्फ एम्बाप्पे ही बचे हैं। नेमार सऊदी अरब चले गए और मेसी ने हाल ही में अमेरिका के क्लब इंटर मियामी के साथ करार किया था। एम्बाप्पे के भी दूसरे क्लब में जाने की खबरें थीं, लेकिन उन्होंने अपने आप को रोक लिया है और वह इस सीजन में पीएसजी के लिए ही खेलेंगे। नेमार को अल हिलाल के साथ जुड़ने पर सिर्फ 817 करोड़ रुपये ही नहीं बल्कि कई महत्वपूर्ण सुविधाएं फ्री में मिलेंगी। नेमार को अल हिलाल की हर जीत पर बोनस भी दिए जाएंगे। क्लब ने उन्हें हर जीत पर 80,000 यूरो (करीब 72 हजार रुपये) मिलेंगे।

# लियोनेल मेस्स के गोल से इंटर मियामी ने लीग्स कप फाइनल में नैशविले को हराया



मेस्सी ने मैच के 71वें मिनट में भी ऐसा ही मौका बनाया था लेकिन गेंद के गोल पोस्ट से टकराने के कारण वह चूक गये। नियमित और अतिरिक्त समय में स्कोर 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद मेस्सी ने पेनल्टी शूटआउट में टीम के पहले प्रयास को गोल में बदला। इंटर मियामी की टीम पहली बार लीग्स कप की चैंपियन बनी है।

नैशविले। लियोनेल मेस्सी ने नियमित समय में गोल करके टीम को बढ़त दिलाने के बाद पेनल्टी शूटआउट में पहले शॉट को गोल में बदला जिससे इंटर मियामी ने लीग्स कप फुटबॉल फाइनल में नैशविले एससी को पेनल्टी शूटआउट में 10-9 से हराया। मेस्सी ने मैच के 23वें मिनट में टीम को बढ़त दिला दी।

इंटर मियामी से जुड़ने के बाद से यह सात मैचों में उनका 10वां गोल है। मेस्सी ने टीम के साथी खिलाड़ी रोबर्ट टेलर से पास मिलने के बाद नैशविले के डिफेंडर वाल्कर जिम्मेरमान को छकाते हुए पेनल्टी बॉक्स के बाहर से गेंद को गोल पोस्ट की बायीं ओर मारा, जिसे रोकने का गोलकीपर के पास कोई मौका नहीं था।

मेस्सी ने मैच के 71वें मिनट में भी ऐसा ही मौका बनाया था लेकिन गेंद के गोल पोस्ट से टकराने के कारण वह चूक गये। नियमित और अतिरिक्त समय में स्कोर 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद मेस्सी ने पेनल्टी शूटआउट में टीम के पहले प्रयास को गोल में बदला। इंटर मियामी की टीम पहली बार लीग्स कप की चैंपियन बनी है।

## पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ का बयान, कहा

# विराट कोहली को मिलनी चाहिए टी 20 विश्वकप टीम में जगह



भारत के पूर्व बल्लेबाज कोच संजय बांगड़ का मानना है कि, विराट कोहली को टी20 विश्व कप 2024 की भारतीय टीम में होना चाहिए। संजय के अनुसार, विराट कोहली का अनुभव, कौशल और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता उन्हें आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का एक अहम हिस्सा बनाती है। दरअसल, विराट कोहली उस भारतीय टीम के सदस्य थे जो ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंची थी। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वॉल्टेज मुकाबले में 82 रन की सनसनीखेज पारी खेलकर भारत को आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दिलाने में अहमद भूमिका निभाई थी। उस दौरान उन्होंने 6 मैचों में 296 रन के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। हालांकि, इसके बाद से कोहली और रोहित शर्मा ने एक भी टी20 मुकाबला नहीं खेला है। वहीं संजय बांगड़ ने यूट्यूब चैनल क्रिकेट बसु पर कहा कि, सौ फीसदी, उसे टी20 टीम में होना चाहिए।

# जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना की महिला क्रिकेट लीग को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया



शोपियां स्ट्राइकर्स का प्रतिनिधित्व कर रही क्रिकेटर ताबिन तारिक ने कहा कि लीग में उन्हें अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, ''पहले ऐसे आयोजन नहीं होते थे। लेकिन अब यहां महिलाओं को काफी मौके मिल रहे हैं। मैं उत्साहित हूं और महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़कर मौकों का फायदा उठाना चाहिए।'' कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने कहा कि लीग में भाग लेने वालों को उनके गृह नगरों में 'रोल मॉडल (आदर्श)' के रूप में देखा जाएगा।

उभरती महिला क्रिकेटरों का मनोबल बढ़ाने के लिए भारतीय सेना ने शनिवार को यहां एक महिला क्रिकेट लीग शुरू की जिसमें घाटी से 12 टीमें भाग ले रही हैं। लीग की देखरेख कर रहे कर्नल मनोज डोबरियाल ने कहा कि महिला लीग सेना की सद्भावना परियोजना के तहत आयोजित की जा रही है और इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। कर्नल डोबरियाल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' महिला क्रिकेट लीग शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। लीग में बारह टीमें भाग ले रही हैं। इसमें से तीन टीमें श्रीनगर से हैं जबकि बाकी टीमें कश्मीर के अन्य जिलों से हैं।''

इस लीग के लिए सुविधाएं मुहैया करने के लिए जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) और नागरिक प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कर्नल डोबरियाल ने कहा कि घाटी में स्थिति खेल गतिविधियों के लिए अधिक अनुकूल हो गई है।कश्मीर विश्वविद्यालय टीम की कोच सकीना अख्तर ने कहा कि अधिकारियों को इस तरह के और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने चाहिये। उन्होंने कहा, ''इस तरह के आयोजन और अधिक होने चाहिए। यह पहला टूर्नामेंट है जिसमें मैं ऐसी प्रतिक्रिया देख रहा हूं। प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों की जर्सी, मैदान, आवास आदि मिल रहे हैं।

महिलाओं को क्रिकेट और अन्य खेल आयोजनों में हिस्सा लेते देख कर अच्छा लग रहा है।'' शोपियां स्ट्राइकर्स का प्रतिनिधित्व कर रही क्रिकेटर ताबिन तारिक ने कहा कि लीग में उन्हें अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, ''पहले ऐसे आयोजन नहीं होते थे। लेकिन अब यहां महिलाओं को काफी मौके मिल रहे हैं। मैं उत्साहित हूं और महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़कर मौकों का फायदा उठाना चाहिए।'' कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने कहा कि लीग में भाग लेने वालों को उनके गृह नगरों में 'रोल मॉडल (आदर्श)' के रूप में देखा जाएगा।

# बुमराह , कृष्णा चमके लेकिन मैकार्थी ने आयरलैंड को 139 रन तक पहुंचाया



कैम्फर ने आते ही रिवर्स स्वीप पर चौका लगाया जबकि मार्क एडेयर(16) ने दो चौके लगाकर नौ ओवर में आयरलैंड को पांच विकेट पर 50 रन तक पहुंचाया। बिश्नोई ने एडेयर को वीडियो रेफरल के बाद पगबाधा आउट करके पवेलियन भेजा। मैकार्थी ने 13वें ओवर में बिश्नोई को पारी का पहला छक्का लगाया। बुमराह को भी दूसरे स्पैल में कैम्फर ने छक्का जड़ा जबकि मैकार्थी ने कृष्णा की गेंद को नसीहत दी। बुमराह ने 19वां ओवर किफायती डाला लेकिन अर्शदीप ने आखिरी ओवर में 22 रन दे डाले।

लंबे समय बाद वापसी कर रहे भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन बैरी मैकार्थी के नाबाद अर्धशतक की मदद से आयरलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 मैच में शुक्रवार को सात विकेट पर 139 रन बना लिये। कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण 11 महीने खेल से दूर रहे बुमराह ने 24 रन देकर दो विकेट लिये जबकि कृष्णा ने 32 रन देकर दो विकेट चटकाये। रवि बिश्नोई को भी दो विकेट मिले और अर्शदीप सिंह ने एक विकेट लिया। कप्तान बुमराह ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। आयरलैंड ने 11वें ओवर में छह विकेट 59 रन पर गंवा दिये थे लेकिन इसके बाद कुर्टिस कैम्फर (39) और मैकार्थी ने सातवें विकेट के लिये 57 रन की साझेदारी की।

मैकार्थी ने अपना पहला अर्धशतक अर्शदीप को आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाये। बुमराह ने पहले ओवर में सलामी बल्लेबाज एंड्रयू बालबर्नी (चार) को दूसरी ही गेंद पर बोल्ड किया जबकि लोरकान टकर (0) ने इसी ओवर में विकेट के पीछे संजू सैमसन को कैच थमाया। चार ओवर के बाद बुमराह ने टी20 क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कृष्णा को गेंद सौंपी जिन्होंने हैरी टेक्टर (नौ) को पवेलियन भेजा। तिलक वर्मा ने उनका आसान कैच लपका। बिश्नोई ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (11) को आउट किया। पावरप्ले में आयरलैंड के चार विकेट 27 रन पर गिर गए थे। कृष्णा ने जॉर्ज डॉकरेल (तीन) को कवर पर रूतुराज गायकवाड़ के हाथों लपकवाया।

कैम्फर ने आते ही रिवर्स स्वीप पर चौका लगाया जबकि मार्क एडेयर(16) ने दो चौके लगाकर नौ ओवर में आयरलैंड को पांच विकेट पर 50 रन तक पहुंचाया। बिश्नोई ने एडेयर को वीडियो रेफरल के बाद पगबाधा आउट करके पवेलियन भेजा। मैकार्थी ने 13वें ओवर में बिश्नोई को पारी का पहला छक्का लगाया। बुमराह को भी दूसरे स्पैल में कैम्फर ने छक्का जड़ा जबकि मैकार्थी ने कृष्णा की गेंद को नसीहत दी। बुमराह ने 19वां ओवर किफायती डाला लेकिन अर्शदीप ने आखिरी ओवर में 22 रन दे डाले।

# सरकार महंगाई को नियंत्रित करें वरना सकड़ों पर होंगे उग्र प्रदर्शन: विनय कोरी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। महंगाई के खिलाफ सरकार के विरोध में विनय कोरी ने अपने सैकड़ों क्रांतिकारी साथियों के साथ में उग्र प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी बिल्हौर को ज्ञापन सौंपा और कहा कि सरकार में जनता को कमरतोड़ महंगाई झेलनी पड़ रही है वसूली और लूट के चलते जनता की जेब पर महंगाई का डाका पड़ रहा है। टमाटर हो या अदरक, परवल, शिमला मिर्च, हरी मिर्च हो या मशरूम सभी के दाम आसमान छूने लगे है। यही नहीं अरहर, चना की दाल और आटा चावल भी महंगा हो गया है। गरीब की थाली अब खाली है कहना है बिल्हौर विधानसभा से विनय कोरी का और उन्होंने कहा सामान्य परिवार कैसे पाले? लोग क्या खाएं क्या बचाएं वही पूर्व जिला अध्यक्ष वा चेयरमैन निर्भय सिंह चौधरी ने कहा की जनता महंगाई की चक्की में पिस रही है और भाजपा सरकार कभी काशी, कभी गोरखपुर या अयोध्या में बड़े-बड़े बयानो की सौगात बांटने के साथ नए-नए जश्न मनाने में मगन है। टमाटर 150 से 200 रूपये, परवल 100 से 120, लहसुन 200 रू0 में बिक रहा है। कोई सब्जी बाजार में 50 रूपये किलो से कम नहीं मिल रही है। पिछले महीने में अरहर, चना की दाल के दाम 12 फीसदी बढ़े हैं तो गेहूं का आटा की कीमत 9 फीसदी दर से बढ़ गई। चावल के दाम 12 प्रतिशत बढ़ गए हैं दरअसल सरकार महंगाई पर काबू पाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। डबल इंजन सरकार ने जनसामान्य को महंगाई की आग में जलाने और पूंजीघरानों की झोली भरने का काम किया है। ये बड़े पूंजीघराने ही चुनाव में भाजपा के मददगार रहते हैं। अपने लाभ के लिए भाजपा बढ़े बैंक घाटे, कर्ज लेकर भाग रहे उद्योगपतियों के मामले में जरा भी चिंतित नहीं है। जनता भुगत रही है,सरकार मस्त है भाजपाराज में लगातार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के चलते लोग कर्ज में डूबते जा रहे हैं। प्रत्येक गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के जीवनशैली का स्तर गिरता जा रहा है। घरेलू बजट बिगड़ने से कुपोषण बढ़ रहा है। भुखमरी और बेरोजगारी से लोग आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं।अता महंगाई नियंत्रण हेतु सरकार द्वारा नए कमेटी बनाई जाय और महगई कम करने के लिए नई योजना का गठन भी किया जिसमे महंगाई कम करने की योजना हो साथ में साथ में निर्भय सिंह यादव पूर्व चेयरमैन बिल्हौर, अर्चना रावल जिला अध्यक्ष महिला सभा, शाहिर हुसैन जाफरी जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर यादव जिला उपाध्यक्ष,विकाश कटियार जिला उपाध्यक्ष, भारत सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष ककवन, चटरु यादव,डॉक्टर सत्येंद्र सिंह,बृजेश यादव प्रधान, शैलेन्द्र सिंह यादव अध्यक्ष भूमि विकाश बैंक चौबेपुर, अरसद सिद्दीकी नगर अध्यक्ष बिल्हौर,ऋषभ ,अंशुमान,नीशू यादव नगर अध्यक्ष शिवराजपुर, पुष्पेन्द्र सिंह, के के यादव ,सौरभ,बागी धर्मेंद्र प्रधान,प्रदीप यादव,सन्तोष सविता नगर महासचिव शिवराजपुर,संदीप तिवारी नगर उपाध्यक्ष शिवराजपुर, डॉक्टर केके यादव, प्रदीप सविता,प्रदीप सविता, प्रवेशिका शुक्ला रजिया बेगम सुमन गुप्ता मनोरंजन वर्मा मनोज यादव सूरज कुशवाह बबीता कटिहार बबीता गौतम रीता वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे!

# विधायक सुरेन्द मैथानी के नेत्रत्व में आजादी के अमृत महोत्सव पर निकली तिरंगा यात्रा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। देश की आजादी अमृत महोत्सव पर तिरंगा यात्रा का आयोजन शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क से किया गया। गोविन्द नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेन्द मैथानी के नेत्रत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा मे विकलांग एसोसिएशन के कार्यकर्ता भी शामिल हुये। इस अवसर पर विधायक सुरेन्द मैथानी ने कहा कि तिरंगा यात्रा जागरूकता रैली से आम जनमानस को प्रेरणा मिलती है। देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हम सभी को अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाकर आजादी का अमृत महोत्सव जश्न पूर्वक उत्साह से मनाना चाहिए रैली शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क, गल्ला मंडी चौराहा होते हुए विजय नगर में समाप्त हुई।विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि जिन शहीदों की वजह से हम सभी को आजादी मिली है हम उनको श्रद्धांजलि देकर नमन करते हैं। जिनकी वजह से हमारा देश आजाद हुआ हम उनका बलिदान कभी नहीं भुला सकते। हमें उनकी वजह से ही 76 वर्षो से आजादी का जश्न मनाने का अवसर मिल रहा है। रैली में वीरेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, अशोक कुमार, भाजपा नेता शैलेन्द्र दीक्षित, अरविन्द सिंह, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, जितेन्द्र कुमार गुप्ता, जौहर अली,विजय कुमार कुशवाहा, दिनेश यादव, बंगाली शर्मा आदि शामिल थे/प्रमुख रूप से बार महामंत्री अनुराग श्रीवास्तव हेमंत तिवारी शरद शुक्ला सर्विद यादव पवन अवस्थी रविंद्र भूषण सिंह मधुर साहू सचिन अवस्थी वंदना सोलंकी अविनाश कुशवाहा कंचन गुप्ता शिवम गंगवार मो तौहीद आयुष शुक्ला नरेश मिश्र संजीव कपूर अशोक श्रीवास्तव आदि रहे।

# अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की मांग कर मनाया विरोध दिवस



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मुख्यमंत्री अधिवक्ता संरक्षण लागू करें की मांग के साथ अधिवक्ता बाद रखता परिवारों पर किए जा रहे हमलों के खिलाफ मनाया विरोध दिवस बार एसोसिएशन गेट से अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करो लागू करो अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम बहुत जरूरी बहुत जरूरी आदि नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे जहां पर बोलते हुए अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन पंडित रवीन्द्र शर्मा ने कहा कि न्यायालय का अधिकारी अधिवक्ता जो बड़े बड़े अपराधियों के खिलाफ मुकदमा लड़ता है उस अधिवक्ता समाज की कोई विशेष सुरक्षा व्यवस्था न होने से अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों पर हमले हो रहे हैं हत्याएं तक की जा रही है सुल्तानपुर के आजाद अहमद अलीगढ़ के अब्दुल मुगीश की हत्या कर दी गई। और निरंतर अधिवक्ता और अधिवक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है अभी घाटमपुर के अधिवक्ता रोहित मिश्र की पारिवारिक जमीन पर अवैध कब्जे के उद्देश्य परजनो हमले का प्रयास किया गया । सोमनाथ बाजपेई पर तेजाब से हमला किया गया ।हमारे एक पदाधिकारी और उनके घर की महिलाओं को घर में घुसकर मारा पीटा गया ।जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं आज अधिवक्ता हत्याओं और परिवारों पर हमलों और उत्पीड़न के विरोध में राज्य विधिज्ञ परिषद के निर्देश पर काली पट्टी बांध प्रदेश का अधिवक्ता समाज विरोध दिवस मना रहा है!

# जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट प्रागंण में किया गया ध्वजारोहण





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रतिभाग किया गया। इसके पश्चात् जिलाधिकारी विशाख जी0 द्वारा कलेक्ट्रेट प्रागंण में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् जिलाधिकारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके परिजनों तथा वीर शहीदों के परिजनों को शाल व प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया, साथ ही भारत बांग्लादेश की सीमा पर कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए बीएसएफ के आरक्षी शैलेन्द्र दुबे की पत्नी मीनू दुबे को शासन के निर्देशों के क्रम में ग्राम विकास विभाग में नियुक्त करते हुए नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नगर) राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (भू0/आ0) रिंकी जायसवाल, अपर जिलाधिकारी (न0/अ0) अजीत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सूरज यादव सहित कलेक्ट्रेट परिवार के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बर्रा पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार




कानपुर। पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट कानपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) कमिश्नरेट कानपुर नगर व अपर पुलिस उपायुक्त नगर दक्षिण के निर्देशन में एसीपी नौबस्ता के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक बर्रा के नेतृव में थाना बर्रा कानपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा जा रहा है।नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त गौरव दीक्षित पुत्र सरोज कुमार दीक्षित निवासी ईडब्लूएस 617 सिंगल स्टोरी बर्रा थाना बर्रा कानपुर नगर उम्र करीब 35 वर्ष अपराधिक इतिहास गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक सूर्यबली पाण्डेय थाना बरी कानपुर नगर उ0नि0 नितिन सिंह थाना बर्रा कानपुर नगर धर्मपाल सिंह थाना बर्रा कानपुर नगरा देवेन्द्र कुमार थाना बर्रा कानपुर नगर सोनिया थाना बर्रा कानपुर नगर।

# पुलिस ने वांछित इनामियाँ अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन में अनावरण हेतु शेष अभियोगों में वांछित इनामियाँ अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपायुक्त जोन पश्चिम,अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन एवं सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई मे मे उनि म हमराही का0 2620 शक्तिवेश के साथ अभियुक्त दीपक कनौजिया कि तलाश में थाना हाजा से रवाना होकर मंडी चौराहा आया हूँ। मुखबिर खास ने आकर सूचना दी कि आप जिस दीपक कनौजिया की तलाश कर रहे है वह अभी अपने कमरे आया है। अगर जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है नही तो वह कही भाग जायेगा। जहाँ पर दीपक बलौजिया का कमरा खुला मिला आवाज देकर बुलाया गया तो उसकी माँ शीला बाहर निकली है। जिनसे उनके बेटे दीपक के बारे में पूछा गया तो माँ शीला ने बताया कि साहब मेरे बेटे से गलती हो गयी वह पडोसी रामलखन को जान से नहीं मारना चाहता था आप उसे माफ कर दो बेटे के मारे पूछने पर बताया कि बेटा कमरे के अन्दर है। तब मैंने पास मे पडे ईंट के टुकड़े से रामलखन के पेट में मार दिया था तब उसकी बीबी मुझ से झगड़ा करने लगी भी दीपक से उसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम दीपक कनौजिया पुत्र स्वा) बबू लाल कनौजिया मूल निवासी ग्राम चहीरा पाट धनुकारा थाना आला पुर जिला अम्बेडकर नगर उत्तर प्रदेश उम्र करीब 28 वर्ष बताया और बताया कि वह कानपुर में पिछले करीब 10 वर्षों से इसी मकान में किराये से रह रहा है। अभियुक्त दीपक कनौजिया उपरोक्त को उसके द्वारा कारित अपराध जुर्म धारा 323/504/304 भादवि से अवगत कराते हुए मौके पर हिरासत पुलिस में लिया, गया।

# लोगों को बांटे गए गलत तरीके से बने तिरंगा झंडे संस्था के पदाधिकारियों में रोष



**बीपीएस न्यूज**

उत्तर मध्य रेलवे के सभी विभागो मे तिरंगा वितरण होना है परन्तु कुछ विभागो को तिरंगा मिला नही जिनको मिला उनमे तिरंगा का जो मापदंड है उसके हिसाब से नही है, टेडा-मेडा कटा है, अशोक लाट तिरछी बनी है आदि। संघ के स. महामंत्री श्री रूपम पाण्डेय द्वारा महाप्रबंधक कार्मिक को ज्ञापन भेजा गया तथा साथ-साथ उत्तर मध्य रेलवे के सभी विभागाध्यक्षो को भी ज्ञापन भेजा गया। इस पर त्वरित कार्रवाई के लिये उप. मुख्य कार्मिक अधिकारी से वार्ता की गई उनके द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि खराब झंडे को बदल दिया जायेगा। संघ का कहना है कि कर्मचारीगण को देखकर देना चाहिए था तथा यही वितरण 1-2 दिन पहले होना चाहिए था परंतु स्वतंत्रा दिवस है और अभी तक वितरण हो नही पाया है और जहा हुआ है वहा खराब दिया गया है।

# पटकापुर स्वच्छता समिति द्वारा किया गया झंडा रोहण



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। स्वतंत्रता दिवस पर पटकापुर स्वच्छता समिति द्वारा झंडा फहराया गया। आमोद त्रिपाठी द्वारा झंडा फहराने का कार्य किया गया। इसके बाद समिति के संरक्षक के द्वारा क्षेत्र के नागरिक व बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की जानकारी दी गई।समिति अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना ने समिति को आगे बढ़ाने के लिए क्या-क्या कार्य आगे करने हैं के बारे में जानकारियां दी। समिति संरक्षक सतीश बाजपेई, कमल बाजपेई, राजवर्धन मिश्रा, रमेश चंद्र बाजपेई, विनोद त्रिपाठी एवं समिति अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना, उपाध्यक्ष सूर्य नारायण बाजपेई, महामंत्री दीपक निगम, मंत्री गीता पांडे, मनीष अस्थाना और अनेक सदस्यगण मोहल्ले के निवासियों ने इस उत्सव को बड़े उत्साह के साथ मनाया।

अंजनी भक्त मंडल की कर्ताधर्ता उत्सव का संचालन कर रहे विक्रम अवस्थी ने भी बच्चों को 15 अगस्त के विषय में बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां दी। सतीश चंद्र शर्मा, राजकुमार सिंह, मनोज उपाध्याय भी शामिल हुए। बालाजी भक्त मंडल के अनुभव पांडे ने भी अपने विचार प्रकट किए।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने किया ध्वजारोहण



कानपुर। कानपुर स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कल्याणपुर, जीटी मार्क ढाबा कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।

सबसे पहले राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया, उसके बाद राष्ट्रगान गीत सभी ने मिलकर गाया। वंदे मातरम भारत माता की जय के नारे जोर सोर से लगाए गए। एक दूसरे को बधाई दी गई, मिठाई का वितरण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रीता जितेंद्र बहादुर सिंह पूर्व राज्य मंत्री बाल पुष्ट आहार व अतिथि प्रोफेसर श्री प्रकाश अस्थाना डीएवी डिग्री कॉलेज बी.पी. साहू संपादक बीपीएस न्यूज और भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।संगठन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पुत्तन ठाकुर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया साथ ही सदस्यों को मिलकर काम करने की सलाह दी और एकजुट रहने को कहा।वहीं पूर्व राज्य मंत्री रीता सिंह ने कहा कि संगठन मेरा परिवार है और मैं परिवार की सदस्य हूं किसी को भी सहायता की जरूरत हो वह मुझे याद करें मैं उसके लिए रात दिन खड़ी हूं। प्रोफेसर श्री प्रकाश अस्थाना ने कहा कि अगर संगठन को सरकार की तरफ से भी मदद मिल जाए तो अच्छा रहेगा।



# स्वतंत्रता दिवस पर जय भारत स्कूल ने निकाली रैली, किया झंडा रोहण



कानपुर। नौबस्ता, गल्ला मंडी स्थित जय भारत स्कूल द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर रैली निकाली गई। रैली में स्कूल के कुछ बच्चे महापुरुषों की वेशभूषा में दिखाई दिए। रैली समाप्त होने के बाद स्कूल में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद बच्चों को मिठाई बांटी गई।

# आदि पुरुष फिल्म के लेखक मनोज मुंतशिर का मुंह काला करने का प्रयास



कानपुर। फिल्म आदि पुरुष में भगवान राम, मां सीता, बजरंग बली बाबा समेत सभी रामायण के पात्रों का अपमान किया और उनका मखौल उड़ाया गया है फिल्म को लिखने वाले लेखक मनोज मुंतशिर आज कानपुर आ रहे थे जिनका मुंह काला करने के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र सिंह (पिंटू ठाकुर) की अगुवाई में तत्पर एवं उत्तेजित थे, स्थानीय प्रशासन को ज्ञात होते ही प्रात: 9 बजे भारी फोर्स कोतवाली सीओ रंजीत सिंह की अगुवाई में नरेंद्र सिंह (पिंटू ठाकुर) के आवास पर पहुंच गया और भारी फोर्स लगाकर पिंटू ठाकुर को उनके आवास पर ही नजर बंद कर दिया और कहा की जब तक मनोज मुंतशिर कानपुर नगर से वापस नहीं जाएंगे, तब तक आप पुलिस अभिरक्षा में नजर बंद रहेंगे।नजरबंद के दौरान नरेंद्र सिंह (पिंटू ठाकुर) ने कहा कि हम लोग हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं, रामचरितमानस पढ़ते हैं, सुंदरकांड हर शनिवार और मंगलवार को करते हैं, तो फिर हम भगवानों के अपमान पर कैसे चुप रह सकते हैं, जिस तरह से आदि पुरुष फिल्म में लेखक मनोज मुंतशिर ने भगवानों का मजाक और अपमान किया है,

उसके खिलाफ हम मनोज मुंतशिर का मुंह काला करके भगवानों के अपमान का बदला लेना चाहते हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन ने हमको एयरपोर्ट जाने से रोका है और कहा है कि आपके जाने से वहां न्यूसेंस पैदा होगा इसलिए हम आपको नहीं जाने देंगे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र सिंह (पिंटू ठाकुर), पूर्व पार्षद दुर्गेश यादव, बार एसोसिएशन के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पंकज कुमार गुप्ता, मदन कुमार मिश्रा, मुकेश यादव, संजय सिंह, राहुल यादव, मुकेश कनौजिया, अविनाश सिंह, हरिओम शास्त्री, भरत सिंह राजावत, आंसू बुंदेला, रविंद्र अहिरवार, सुरेश गुप्ता, सानू सिंह चौहान आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# कानपुर देहात प्रेस क्लब में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस





कानपुर। इस साल भारत 15 अगस्त को अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। 15 अगस्त 1947 को हमारा देश ब्रिटिश शासन से आजाद हुआ था। आजादी के 76 साल पूरे हो गए हैं। इस राष्ट्रीय त्योहार को ऑल मीडिया प्रेस क्लब को बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। कार्यक्रम में ऑल मीडिया प्रेस क्लब, कानपुर देहात प्रेस क्लब के सदस्यों और पदाधिकारियों ने धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उन्नाव के लोकपाल एडवोकेट अतुल निगम, वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश सिंह कुशवाहा, वार्ड 70 के पार्षद संतोष साहू मौजूद रहे।संगठन के पदाधिकारियों में अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष केएम श्रीवास्तव, महामंत्री एडवोकेट योगेंद्र अग्निहोत्री, एडवोकेट शारदा उपाध्यक्ष, एडवोकेट पीके पांडेय, प्रदेश पदाधिकारी विजय कुशवाहा, वत्सल वर्मा, अभिषेक चौधरी, कृष्णा शर्मा, शरद शर्मा, संजय शर्मा, हर्ष दीक्षित, नरेंद्र सविता, विनय मिश्रा, अजय सोनकर, कृष्णा सिंह, अर्पित, रंजीत, उमेश शर्मा, आशीष त्रिपाठी, बी.पी. साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2021-2023, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।